या रक्ताम्बुजवासिनी विलासिनी चण्डांशु तेजस्विनी।
या रक्ता रुधिराम्बरा हरिसखी या श्री मनोल्लादिनी॥
या रत्नाकरमन्थनात्प्रगटिता विष्णोस्वया गेहिनी।
सा मां पातु मनोरमा भगवती लक्ष्मीश्च पद्मावती॥

सांध्य ज्योति दर्पण

www.sandhyajyotidarpan.com

वर्ष 37 | अंक 144 | जयपुर, शुक्रवार, 4 अप्रेल, 2025 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य : 2 रु.

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि॥

उदयपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बारां, कोटा, बीकानेर, सवाईमाधोपुर, टोंक, सीकर, झुंझुनूं, दौसा, अजमेर, रींगस, श्रीमाधोपुर, खाटूश्यामजी, लक्ष्मणगढ़, चौमूं व कुचामनसिटी में प्रसारित।



पेज-5 एकाना में मुंबई इंडियंस...

कैसे बनाएं और कब पिएं... पेज-6

लॉरेंस का गुर्गा आदित्य दुबई से गिरफ्तार

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स जयपुर लाई

सांध्य ज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। प्रदेश की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने दुबई से आदित्य जैन उर्फ टोनी को गिरफ्तार कर लिया है। यह शख्स लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग का सक्रिय सदस्य है जो गैंग के कंट्रोल रूम के रूप में काम करता था और बाकी सदस्यों को डब्बा कॉल की सुविधा देता था। टोनी पिछले सालों में गिरोह द्वारा की गई जबरन वसूली, गोलीबारी और अन्य अपराधों के कई मामलों में वांछित था। एजीटीएफ

इंटरपोल टीम का नेतृत्व कर रहे डीआईजी योगेश यादव और एएसपी नरोत्तम वर्मा ने इंटरपोल से उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी करवाया था। इसके बाद एएसपी एजीटीएफ सिद्धांत शर्मा की देखरेख में सीआई मनीष शर्मा, सीआई सुनील जांगिड़ और सीआई रविंद्र प्रताप की टीम ने उसे यूएई में ढूंढ निकाला। फिर सीबीआई के जरिए यूएई को इंटरपोल रेफरेंस भेजा गया।

जयपुर पहुंची टीम

इस रेड नोटिस और इंटरपोल रेफरेंस के आधार पर यूएई पुलिस अधिकारियों ने आदित्य जैन को हिरासत में लिया और राजस्थान पुलिस से एक टीम भेजने का अनुरोध किया। सिद्धांत शर्मा की देखरेख में एक टीम दुबई भेजी गई। टीम में सीआई रविंद्र प्रताप, सीआई सुनील जांगिड़, सीआई कमलेश, हेड कान्स्टेबल रमेश और सनी शामिल थे। यह टीम टोनी को लेकर 4 अप्रेल की सुबह 8 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंच गई।

टोनी की कई सालों से थी तलाश

टोनी कुचामन सिटी का रहने वाला है। उसके पिता का किराना का बिजनेस है। वह उनकी इकलौती संतान है। एडीजी क्राईम दिनेश एमएन ने बताया कि उनकी टीम आरोपी टोनी के पीछे कई समय से लगी हुई थी। राजस्थान में आने वाले थ्रेट कॉल की जब जांच की जाती थी तो हमेशा टोनी के बारे में जानकारी मिलती थी।

नागौर लेकर रवाना हुई टीम

गैंगस्टर आदित्य जैन को सुबह 9.30 बजे जयपुर एयरपोर्ट से ही टीम नागौर लेकर रवाना हो गई। हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि उसे उसके होम टाउन कुचामन ले जाया जाएगा या नहीं। सूत्रों का कहना है कि धमकी वाले कॉल्स, लॉरेंस गैंग के नागौर सहित अन्य जिलों में एक्टिव मेंबर्स को लेकर उससे वहां पूछताछ हो सकती है। इससे पहले आरोपी गैंगस्टर करीब डेढ़ घंटे तक जयपुर एयरपोर्ट पर ही रखा गया।

अब पड़ने वाले हैं लू के थपेड़े

सांध्य ज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। प्रदेश में पिछले दो दिनों से जारी पश्चिमी विक्षोभ का असर शुक्रवार को खत्म होने वाला है जिसके कारण प्रदेश में गर्मी का प्रकोप देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार 2 दिन से जारी पश्चिमी विक्षोभ का असर 4 अप्रैल को खत्म हो जाएगा। इसके बाद प्रदेश का मौसम मुख्यत शुष्क रहेगा। इसके चलते गर्मी में बढ़ोतरी के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार 5 से 6 अप्रैल तक पूर्वी राजस्थान (झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, दौसा, करौली, धौलपुर, भरतपुर और अलवर) में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 7 अप्रैल को लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही 6 और 7 अप्रैल तक पश्चिमी राजस्थान के दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर के साथ ही राजसमंद, अजमेर, जयपुर, दौसा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, टोंक, सीकर, अलवर, भीलवाड़ा, चूरू में हीटवेव चलने की संभावना है। उम्मीद है कि अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

नहीं रहे बॉलीवुड के 'भारत कुमार'

मुंबई, 4 अप्रेल (एजेन्सी)। बॉलीवुड से बेहद दुखद खबर आई है। अभिनेता और फिल्म निर्देशक मनोज कुमार इस दुनिया में नहीं रहे।

उनका 87 साल की उम्र में कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में निधन हो गया है। उनके निधन से बॉलीवुड में शोक की लहर दौड़ गई है। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। मनोज कुमार को उनकी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाता था। वे बॉलीवुड के भारत कुमार के नाम से फेमस थे। 24 जुलाई, 1937 को हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी के रूप में जन्मे मनोज कुमार हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता थे। उन्हें देशभक्ति थीम वाली फिल्मों में अभिनय और निर्देशन के लिए जाना जाता था जिसमें शहीद, उपकार, पूरब और पश्चिम, और रोटी, कपड़ा और मकान शामिल हैं। इन फिल्मों की वजह से ही उन्हें भारत कुमार भी कहा जाता था। अपनी देशभक्ति फिल्मों के अलावा उन्होंने हरियाली और रास्ता, वो कौन थी, हिमालय की गोद में, दो बदन, पत्थर के सनम, नील कमल और क्रांति फिल्मों में भी अभिनय और निर्देशन किया। वे आखिरी बार बड़े पर्दे पर 1995 में आई फिल्म मैदान ए जंग में नजर आए थे।

दूसरे दिन भी बाजार ढेर

मुंबई, 4 अप्रेल (एजेन्सी)। अमेरिकी टैरिफ को लेकर दुनियाभर में मचे बवाल के

बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन लाल निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 509.54 अंक गिरकर 75,785.82 अंक पर आ गया। ऐसे ही निफ्टी 146.05 अंक गिरकर 23,104.05 अंक पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे बढ़कर 84.99 डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले बीते दिन भी सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 805.58 अंक गिरकर 75,811.86अंक और निफ्टी 182.05 अंक गिरकर 23,150.30 अंक पर खुला था।

नीतिश को एक और झटका

पटना, 4 अप्रेल (एजेन्सी)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी को जेडीयू से जुड़े नेता झटके पर झटका दे रहे हैं। वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी पास हो गया है। इसी बीच जेडीयू में इस्तीफे का दौर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ऐसा लग रहा है कि कमजोर करने की कोशिश हो रही है, भले ही इस्तीफा देने वाले छोटे स्तर के नेता हों लेकिन वे पार्टी में किसी न किसी पद से जुड़े हुए थे। अब जेडीयू के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव मोहम्मद तबरेज सिद्दीकी अलीग ने पार्टी से इस्तीफा दिया है। अलीग ने पार्टी के प्राथमिक सदस्य एवं अन्य जिम्मेदारियों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार को त्यागपत्र में लिखा है कि वक्फसंशोधन बिल के प्रति आपकी (नीतीश) पार्टी के समर्थन ने मेरे विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया है।

ट्रेलर में घुसी निजी बस

सांध्य ज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। गोविंदगढ़ में निजी बस आगे चल रहे ट्रेलर में जा घुसी। हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राइवर केबिन में ही फंस गया। हादसा अनंतपुरा मोड़ पर शुक्रवार सवेरे करीब 4 बजे हुआ। मिली जानकारी के अनुसार बस बीकानेर से आ रही थी। इस दौरान अनंतपुरा मोड़ पर आगे चल रहे ट्रेलर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से ट्रक चालक को केबिन से बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में तीन से चार अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं हैं। हादसे में ट्रक ड्राइवर रामजीलाल जाट निवासी दूदू गंभीर घायल हुआ है।

राज्यसभा में भी वक्फ बिल पास

नई दिल्ली, 4 अप्रेल (एजेन्सी)। वक्फ संशोधन बिल गुरुवार देर रात को 12 घंटे से ज्यादा लंबी की चर्चा के बाद राज्यसभा से भी पास हो गया। बिल के पक्ष में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े। इससे पहले बुधवार को लोकसभा में यह बिल 12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। अब यह बिल राष्ट्रपति के पास जाएगा। उनकी स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। बिल पर चर्चा के दौरान बीजू जनता दल ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी नहीं किया था। पार्टी ने कहा था, सांसद अपनी अंतरात्मा की सुने और वक्फ बिल पर फैसला लें।

रामनवमी से पहले बंगाल में भारी तनाव

14 जिलों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात | पुलिस कर्मियों की छुट्टियां रद्द

कोलकाता, 4 अप्रेल (एजेन्सी)। रामनवमी 6 अप्रैल को है लेकिन पश्चिम बंगाल के 14 जिलों में तनाव बढ़ने लगा है। राज्य सरकार भी तनाव है। इस वजह से नौ अप्रैल तक पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। गुरुवार से कोलकाता, मुर्शिदाबाद, हावड़ा, पूर्व और पश्चिमी मेदिनीपुर, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी, अलीपुरदुआर, कूचबिहार में अतिरिक्त पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती शुरू कर दी गई है। इन जिलों में बीते दो दिन से हिंसा की छुटपुट घटनाएं होने के चलते समुदायों के बीच ज्यादा तनाव बना हुआ है। दक्षिण बंगाल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सुप्रतिम सरकार ने भास्कर को बताया कि हमें रामनवमी की आड़ में अशांति फैलाने की साजिश का खुफिया इनपुट मिला है। किसी तरह का उपद्रव न होए इसलिए सख्ती बढ़ा दी गई है।

जुलूस में हथियार पर रोक

कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने भी आदेश निकाल दिया है कि रामनवमी के जुलूस में कोई भी हथियार लेकर नहीं निकलेगा। वहीं भाजपा के सियासी रूप से मजबूत गढ़ उत्तर बंगाल के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहाड़ी जिलों में ज्यादा फोर्स लगाया है। खुद सीएम ममता बनर्जी ने सभी समुदायों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

रामनवमी को लेकर सियासत तेज

7 साल से बंगाल में रामनवमी राजनीति का नया हथियार बन गया है। बीते दिनों मालदा के मोथाबाड़ी में रामनवमी रैली रिहर्सल के तौर पर निकाली गई जिससे सांप्रदायिक तनाव हुआ। पुलिस ने भाजपा नेता शुवेंदु अधिकारी को मौके पर नहीं जाने दिया। विहिप ने एक लाख श्रीराम महोत्सव आयोजन का ऐलान किया। शुभेंदु ने नंदीग्राम में अयोध्या की तर्ज पर एक विशाल राम मंदिर बनाने का ऐलान कर दिया है। इसकी आधारशिला वे रामनवमी को रखेंगे। भाजपा ने भी चेतावनी दी है कि यदि रैलियों पर हमले हुए तो हिंदू चुप नहीं बैठेंगे। जवाबी हमले करेंगे। विहिप के पूर्वी क्षेत्र के सचिव अमिय सरकार ने भास्कर को बताया कि रामनवमी पर पूरे बंगाल में दो हजार रैलियां निकालेंगे। इसमें 5 लाख तक लोग आएंगे।

ड्रोन से निगरानी की तैयारी

रामनवमी पर राज्य में इस बार दो हजार रैलियों का ऐलान हुआ है और डेढ़ करोड़ हिंदुओं के घरों से निकलने का दावा किया जा रहा है। अफवाहों पर नजर रखने के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। संवेदनशील इलाकों में निकलने वाली रैलियों पर ड्रोन से निगाह रखेगी।

युवक पर अंधाधुंध फायरिंग, हाथ-पांव भी तोड़े

मधुबनी, 4 अप्रेल (एजेन्सी)। बिहार के मधुबनी के रहिका थाना अंतर्गत नाजिरपुर में शुक्रवार की सुबह 6 बजे सड़क किनारे अचेता अवस्था में घायल युवक को देखते ही स्थानीय लोगों में हलचल मच गई। तत्काल स्थानिक लोगों ने इसकी सूचना रहिका थाना को दिया। सूचना मिलने ही रहिका थाना के पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। घायल युवक की पहचान रहिका थाना क्षेत्र के जगतपुर निवासी राहुल कुमार चौधरी उर्फ स्विच ऑफ के रूप में हुई। तत्काल घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल मधुबनी लाया गया जहां से चिकित्सकों ने उसे डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक के बाएं हाथ में गोली लगी है, हाथ और पैर की हड्डी टूटी हुई है। घटनास्थल से पुलिस ने खोखा भी बरामद किया है। राहुल कुमार बृहस्पतिवार की रात 10 बजे घर से निकला था। स्थानीय लोगों की माने तो युवक हमेशा किसी ना किसी मादक पदार्थ के नशे में चूर रहता था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक रहिका थाना के कई मामलों में फरार चल रहा था।

भारतीय पासपोर्ट की ताकत घटी

बीते साल के मुकाबले एक पायदान गिरा

नई दिल्ली, 4 अप्रेल (एजेन्सी)। टैक्स और इमिग्रेशन कंसल्टेंसी नोमैड कैपिटलिस्ट ने दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट की रैंकिंग जारी कर दी है। इस बार आयरलैंड का पासपोर्ट पहले नंबर पर आया है। यह पहली बार है जब आयरलैंड ने इस रैंकिंग में टॉप किया है। इस लिस्ट में 199 देशों के पासपोर्ट का विश्लेषण किया गया है जिसमें भारत का पासपोर्ट भी शामिल है। हालांकि भारत की रैंकिंग पहले से और नीचे चली गई है। दूसरी ओर पाकिस्तान का पासपोर्ट हमेशा की तरह दुनिया के सबसे कमजोर पासपोर्ट में गिना गया है। नोमैड कैपिटलिस्ट पासपोर्ट इंडेक्स 2025 में भारत को 148वां स्थान मिला है जो उसने कोमोरोस के साथ साझा किया। भारत को 47.5 अंक मिले। पिछले साल भारत मोजाम्बिक के साथ 147वें स्थान पर था यानि इस साल इसकी रैंकिंग थोड़ी गिर गई है। इसके अलावा हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में भी भारत की रैंकिंग 80वें स्थान से गिरकर 85वीं हो गई है। यह इंडेक्स अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ के डेटा पर आधारित होता है।

सबसे मजबूत और सबसे कमजोर पासपोर्ट

नोमैड कैपिटलिस्ट इंडेक्स 2025 के मुताबिक आयरलैंड का पासपोर्ट दुनिया में सबसे मजबूत माना गया है। आयरिश नागरिकों को पूरे यूरोपीय संघ और खासकर यूके में बिना किसी रुकावट के रहने और काम करने की छूट मिलती है जो इसकी सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। टॉप 10 सबसे मजबूत पासपोर्ट वाले देशों में आयरलैंड, स्विट्जरलैंड, ग्रीस, पुर्तगाल, माल्टा, इटली, लक्जमबर्ग, फिनलैंड, नॉर्वे, संयुक्त अरब अमीरात, न्यूजीलैंडए और आइसलैंड है। ये देश पासपोर्ट की ताकत के मामले में सबसे ऊपर हैं क्योंकि इनके नागरिकों को ज्यादा स्वतंत्रता, वीजा मुक्त यात्रा और बेहतर टैक्स नीतियां मिलती हैं।

पाकिस्तान का पासपोर्ट सबसे कमजोर

नोमैड कैपिटलिस्ट पासपोर्ट इंडेक्स 2025 में संयुक्त राज्य अमेरिका को सैन मैरिनो के साथ 45वां स्थान मिला है वहीं सबसे कमजोर पासपोर्ट की लिस्ट में पाकिस्तान, इराक, इरिट्रिया, यमन और अफगानिस्तान सबसे नीचे हैं। इनकी रैंकिंग 195 से 199 के बीच आई है।

पुलिस मालखाने में आग 400 वाहन खाक

नई दिल्ली, 4 अप्रेल (एजेन्सी)। दिल्ली के नेहरू प्लेस स्थित पुलिस मालखाने में बृहस्पतिवार आग लगने से यातायात पुलिस द्वारा जब्त किए गए 400 से अधिक वाहन जलकर खाक हो गए। अधिकारी ने बताया कि घटना के सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज की गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इसके पीछे कोई साजिश तो नहीं है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी के मुताबिक दिल्ली अग्निशमन सेवा को अपराह्न करीब दो बजे नेहरू प्लेस स्थित पुलिस मालखाने में आग लगने की सूचना मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दूर से धुएं का घना गुबार दिखाई दे रहा था और आग ने तेजी से वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। शुरू में दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) ने कहा था कि मालखाने में खुले क्षेत्र में रखे दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों सहित लगभग 50 वाहनों में आग लगी है।

आग पर काबू पाने में लगे 3 घंटे

दिल्ली पुलिस ने एक बयान जारी कर कहा कि आग में 400 से अधिक वाहन जल गए। बयान में कहा गया, घटना के समय 2667 जब्त वाहन यार्ड में खड़े थे। आग लगने का सही कारण अभी पता नहीं चला है। दिल्ली पुलिस के अनुसार यह मालखाना दिल्ली ट्रैफिक पुलिस का है। इसमें ट्रैफिक पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में जब्त की गई दोपहिया और चारपहिया वाहन रखे गए थे। दिल्ली पुलिस के मालखाने में आग लगते ही आसमान में धुएं का गुबार फैल गया। आग इतनी भीषण लगी थी कि इसने तेजी से कई गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया।

सवेरे चार बजे मणिपुर में राष्ट्रपति शासन पर मोहर

राज्यसभा ने पास किया संकल्प

नई दिल्ली, 4 अप्रेल (एजेन्सी)। संसद ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की पुष्टि करने वाले सांविधिक संकल्प को शुक्रवार तड़के पारित कर दिया। हिंसाग्रस्त मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था। उच्चतम न्यायालय के एक निर्णय के अनुरूप दो महीने के अंदर राष्ट्रपति शासन की पुष्टि के लिए एक सांविधिक संकल्प केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में चर्चा एवं पारित करने के लिए पेश किया। उच्च सदन ने शुक्रवार तड़के करीब चार बजे इस संकल्प को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। उन्होंने सदन में कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया था जिसके बाद राज्यपाल ने विधायकों से चर्चा की और बहुमत सदस्यों ने कहा कि वे सरकार बनाने की स्थिति में नहीं हैं। शाह ने कहा कि इसके बाद कैबिनेट ने राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा की जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया। अमित शाह बोले, उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुरूप मैं दो महीने के अंदर इस संबंध में सदन के अनुमोदन के लिए सांविधिक संकल्प लाया हूं। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली चिंता मणिपुर में शांति स्थापित करने की है और वहां पिछले चार महीने से एक भी मौत नहीं हुई है और केवल दो लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह स्वीकार करते हैं कि मणिपुर में 260 लोग जातीय हिंसा में मारे गये किंतु वह सदन को बताना चाहते हैं कि पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा में इससे ज्यादा लोग मारे गए।

हमारी कोशिश है सकारात्मक बदलाव हो

नई दिल्ली, 4 अप्रेल (एजेन्सी)। प्रधानमंत्री मोदी ने थाईलैंड में 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा, बैंकॉक में आयोजित शिखर सम्मेलन में साथी बिम्सटेक नेताओं के साथ हम विविध क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। हमारी कोशिशें है कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं। मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड में हैं। सम्मेलन स्थल पर पहुंचने पर थाई प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा ने उनका स्वागत किया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार गणराज्य के वरिष्ठ जनरल आंग ह्लाइंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

कर चोरों को नहीं बख्शेगी सरकार

सीएम भजनलाल ने कहा, जीरो टॉलरेंस की नीति पर कर रहे हैं काम

सांध्य ज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्व संग्रहण किसी भी राज्य के विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का आधार होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कर चोरी सहित राजस्व लीकेज के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य कर रही है जिससे प्रदेश की राजस्व आय में गत वर्ष की तुलना में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वे गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्व अर्जन से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए राजस्व

संग्रहण आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि टैक्स कम्पाइलेंस बढ़ाने, कर प्रक्रियाओं का सरलीकरण करने और राजस्व लीकेज रोकने के साथ ही राजस्व लक्ष्यों का निर्धारण भी किया जाए।

जीएसटी संग्रहण में आएगी सुगमता

बैठक में वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य के जीएसटी संग्रहण में पिछले साल की तुलना में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उद्यमियों को जीएसटीए वैट और अन्य आवश्यक सभी विवरण उपलब्ध कराने के लिए इंटीग्रेटेड टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम की घोषणा की है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को उक्त प्रणाली के अधिक से अधिक उपयोग एवं कर से संबंधित जागरूकता को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जीएसटी चोरी से संबंधित मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

अवैध शराब पर लगे रोकथाम

बैठक में आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आबकारी नीति में किए गए नीतिगत सुधारों से इस वर्ष आबकारी से राजस्व पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग 14 प्रतिशत अधिक रहा है। शर्मा ने कहा कि नकली शराब के फैक्ट्रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ ही अवैध शराब के संबंध में जानकारी देने वाले मुखबिरों को प्रोत्साहित किया जाए।

अवैध खनन के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

बैठक में बताया गया कि पंजीयन एवं मुद्रांक द्वारा डीएलसी दरों में किए गए सुधारों से इस वर्ष स्टांप ड्यूटी से अर्जित राजस्व 15 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं नियमित रूप से पूरे वर्ष चली खनन पट्टों की नीलामी से राजस्व अर्जन पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 24 प्रतिशत बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विभाग द्वारा अवैध खनन पर पूर्ण रोकथाम के उपाय किए जाएं और इस कार्य में लिप्त लोगों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए।

नवरात्र में भागवत का श्रवण सौभाग्य की बात: मुख्यमंत्री

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वैशाली नगर स्थित गोविन्द धाम जानकी पैराडाइज पहुंचकर ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तम स्वामी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण बहुत सौभाग्य की बात होती है। श्रीमद् भागवत कथा से भगवान श्रीकृष्ण के साक्षात स्वरुप का ज्ञान होता है और एक नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों, साधु-संतों, महंतों ने सनातन संस्कृति को दुनिया में आगे बढ़ाते हुए अपना जीवन जनमानस के लिए समर्पित किया है। शर्मा ने युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि कथा के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में आत्मसात् करें। उन्होंने इस अवसर पर भव्य आरती में सम्मिलित होकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन के लिए प्रार्थना भी की।इस अवसर सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक, विधायक शत्रुघ्न गौतम, गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य सहित संत, साध्वी व बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

सीएम ने जारी की लॉजिस्टिक नीति, निवेशकों को 25 प्रतिशत तक पूंजीगत और 50 लाख तक ब्याज अनुदान के प्रावधान

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। राजस्थान को वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और निवेश अनुकूल औद्योगिक वातावरण सुनिश्चित करने के क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 जारी की है।

सरकार का दावा है कि यह नीति राज्य में औद्योगिक विकास प्रोत्साहन और कनेक्टिविटी में वृद्धि करते हुए लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाएगी। पॉलिसी में कई तरह की विशेष छूट और अनुदान शामिल हैं। वेयरहाउस, साइलो, कोल्ड स्टोरेज, इनलैण्ड कन्टेनर डिपो, कन्टेनर फ्रेट स्टेशन, एयर फ्रेट स्टेशन, कार्गो टर्मिनल, ट्रकर पार्क इत्यादि के लिए 5 से 50 करोड़ रुपए तक इलिजिबल फिक्स्ड कैपिटल इन्वेस्टमेंट (ईएफसीआई) की 25 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी दस वर्षों तक देने का प्रावधान किया गया है।

निजी मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और एकीकृत लॉजिस्टिक्स पार्क डेवलपर्स को 7 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा, जिसकी वार्षिक सीमा 50 लाख रुपए होगी। इसके अलावा स्टाम्प ड्यूटी पर 75 प्रतिशत छूट और 25 प्रतिशत पुनर्भरण, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी पर 7 वर्षों तक 100 प्रतिशत छूट, कन्वर्जन ऑफ लैंड चार्जेज पर 75 प्रतिशत छूट और 25 प्रतिशत पुनर्भरण

तथा मंडी फीस पर 7 वर्षों तक 100 प्रतिशत छूट शामिल हैं।

प्रशिक्षण खर्च का 50 प्रतिशत पुनर्भरण

राज्य सरकार ने नीति में दक्षता एवं प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए कार्मिक प्रशिक्षण की कुल लागत का 50 प्रतिशत पुनर्भरण (अधिकतम 4000 रुपए प्रति वर्कर प्रति माह, 6 माह तक) का प्रावधान रखा है। तकनीकी उन्नयन के तहत ट्रक ट्रैकिंग उपकरणों की लागत पर प्रति ट्रक 2000 तक 50 प्रतिशत पुनर्भरण, लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सॉफ्टवेयर के प्रति इंस्टॉलेशन पर 2 लाख रुपए तक 50 प्रतिशत पुनर्भरण और फायर डिटेक्शन सिस्टम की लागत पर 20 प्रतिशत (अधिकतम 10 लाख रूपए) एकमुश्त पुनर्भरण की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

औद्योगिक क्षेत्रों में 10 प्रतिशत भूमि आरक्षित

प्रदेश में अधिक से अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रीको के आगामी औद्योगिक क्षेत्रों में अधिकतम 10 एकड़ अथवा 10 प्रतिशत आवंटन योग्य भूमि लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के लिए ही आरक्षित होगी। इसमें 12.5 करोड़ रुपए तक हरित प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत ईटीपी, सीईटीपी, औद्योगिक अवशिष्ट का पुनः उपयोग एवं रीसाइक्लिंग, कॉमन स्प्रे ड्रायर आदि पर लागत का 50 प्रतिशत एकमुश्त पुनर्भरण किया जा सकेगा।

भजनलाल सरकार ने दी 13 नई नीतियां

राज्य सरकार गत सवा साल में प्रदेश के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए राजस्थान कई नीतियां लाई हैं। इनमें निवेश प्रोत्साहन योजना , राजस्थान एमएसएमई नीति, राजस्थान निर्यात संवर्द्धन नीति, राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति, एकीकृत क्लस्टर विकास योजना, राजस्थान पर्यटन इकाई नीति, राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, राजस्थान खनिज नीति, राजस्थान एम-सेण्ड नीति, राजस्थान टैक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी , राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी,राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी जैसी 13 नीतियां शामिल हैं। नीतियों को लेकर देशी-विदेशी और स्थानीय, छोटे-बड़े और मध्यम सभी वर्गों के निवेशकों एवं उद्यमियों में अच्छा रुझान देखने को मिला है।

वक्फ बिल पारित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी, फोड़े पटाखे

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने पर राजस्थान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा मुख्यालय जयपुर पर पटाखे फोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। मेवाती ने कहा कि इस बिल के पारित होने से कुछ लोगों को आपत्ति हो सकती है, लेकिन मुस्लिम समाज के अधिकांश लोग इस फैसले से खुश हैं। यह विधेयक वक्फ संपत्तियों से जुड़ी अनियमितताओं और मनमानी पर रोक लगाएगा एवं वक्फ संशोधन बिल से वक्फ भूमि के दुरुपयोग और अवैध कब्जे को रोकने में मदद मिलेगी, जिससे वक्फ बोर्डों के राजस्व में वृद्धि होगी। इससे मुस्लिम समाज के कल्याणकारी कार्यक्रमों का विस्तार करने में मदद मिलेगी तथा नियमित लेखा परीक्षा और निरीक्षण से वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा मिलेगा और वक्फ प्रबंधन में जनता का विश्वास मजबूत होगा। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, आवास और आजीविका सहायता के लिए धन आवंटित किया जाएगा, जिससे आर्थिक रूप से मुस्लिम समाज के कमजोर वर्गों को सीधा लाभ होगा। इससे वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता आएगी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। पिछली सरकारों के दौरान वक्फ बोर्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार को अब खत्म करने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है।

जयपुर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी मिली

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। जयपुर में गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी से अफरातफरी मच गई। पुलिस ने करीब 3 घंटे से अधिक समय तक सर्च ऑपरेशन चला कर जिलाधिकारी कार्यालय में करीब 200 कमरों का चप्पा-चप्पा छाना। हालांकि तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

जयपुर कलक्टर डॉ.जितेन्द्र कुमार सोनी आईडी पर सुबह यह धमकी भरा मेल आया था। जिला प्रशासन की ओर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची। पुलिस ने पूरा कलक्ट्रेट परिसर खाली कराया और तलाशी अभियान शुरु किया गया। इस दौरान सैंकड़ों कर्मचारी और आमजन कलेक्ट्रेट के बाहर जमा रहे। कुछ संदिग्ध नहीं मिलने पर शाम चार बजे कर्मचारियों को वापस कार्यालय में प्रवेश दिया गया। डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि कमिश्नरेट की एक तकनीकी टीम को तैनात किया गया हे, जो मेल भेजने वाले के बारे में जांच कर रही है।

अधिकारी बंद कमरों में ना बनाएं एस्टिमेट, मौके पर जाएं: चौधरी

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने अधिकारियों से कहा कि वे बंद कमरों में बैठकर एस्टिमेट न बनाएं, बल्कि मौके पर जाकर सर्वे करें और वास्तविक स्थिति के आधार पर रिपोर्ट तैयार करें। कोई भी व्यक्ति या जनप्रतिनिधि अपनी जल समस्या को लेकर अधिकारियों से संपर्क करता है तो उसे उचित और स्पष्ट जवाब दिया जाए कि समस्या कब तक हल होगी।

कोटा में आयोजित बैठक में क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की के दौरान चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुसार हर घर को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए अधिकारी पूरी निष्ठा से कार्य करें। गर्मी के मौसम में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए।

अवैध जल कनेक्शनों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार अगले 30 वर्षों की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजनाएं बना रही है, जिससे भविष्य में जल संकट उत्पन्न न हो। कोटा क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था के लिए सरकार ने 400 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। प्लांट और पंप हाउस की स्थापना में ऐसी मशीनरी का उपयोग किया जाए जो लागत में किफायती और रखरखाव में आसान हो। पाइपलाइन बिछाने में तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखें।

अमृत 2.0 की टेंडर प्रक्रिया जल्दी पूरी करें

जलदाय मंत्री ने कोटा में अमृत 2.0 के कार्यों की टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के जो अधूरे कार्य हैं उनको तेज गति से कर जनता को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उदासीनता सहन नहीं की जाएगी।

140 एमएलडी के नए प्लांट की योजना

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि कोटा में 140 एमएलडी के एक नए प्लांट की योजना बनाई गई है। उन्होंने जल के संरक्षण पर विशेष बल देते हुए कहा कि हर बूंद को अमृत समझकर बचाना होगा ताकि भविष्य की पीढ़ियों को भी पर्याप्त जल मिल सके। उन्होंने सभी ट्यूबवेल और हैंडपंपों को चालू करने के निर्देश भी दिए।

जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए बनाया वक्फ कानून: गहलोत

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संसद में पारित वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर केन्द्र सरकार पर कटाक्ष किया है। गहलोत ने ट्वीट कर कहा कि ऐसा लगता है कि भारत सरकार महंगाई, बेरोजगारी, शेयर मार्केट में चल रही गिरावट, रुपये के अवमूल्यन जैसे जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए बार-बार अल्पसंख्यक वर्ग को निशाने पर लेने वाले कानून बनाती है।

पूर्व में नागकिरता कानून के दौरान भी ऐसा देखा गया। कानून 2020 में ही बना दिया पर इसके नियम 2024 में बनाए गए थे। राजनीतिक लाभ लेने के लिए बार-बार इस मुद्दे को उछाला गया और पूरे देश में तनाव पैदा किया गया। गहलोत ने कहा कि वक्फ को लेकर बनाया गया कानून भी इसी का हिस्सा है। वक्फ को लेकर किसी नए कानून की आवश्यकता नहीं थी। बहुसंख्यक वर्ग का जरूरी विषयों से ध्यान हटाने, अल्पसंख्यक वर्ग में भय पैदा करने तथा दोनों वर्गों के बीच तनाव पैदा करने के लिए यह कानून बनाया गया है।

रामगंजमंडी के स्कूलों के लिए 14.19 करोड़ मंजूर

जयपुर, 4 अप्रेल। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कोटा जिले के आलोद में आयोजित समस्या समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में विभिन्न निर्माण कार्य और मरम्मत करने के लिए शिक्षा विभाग ने 14 करोड़ 19 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। 57 स्कूलों में इस राशि से कार्य कराए जाएंगे। आलोद में जनसुनवाई के लिए पहुंचे शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आलोद में संपर्क फाउंडेशन द्वारा शुरू किए गए संपर्क स्मार्ट क्लास स्कूल प्रोग्राम का उद्घाटन किया। फाउंडेशन द्वारा रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के 66 सरकारी स्कूलों को 43 इंच के स्मार्ट टीवी तथा 113 स्मार्ट डिवाइस उपलब्ध करवाए गए हैं। स्मार्ट क्लास स्कूल प्रोग्राम के तहत कक्षा 1 से 5 तथा कक्षा 6 से 8 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को एक हजार घंटे का प्रशिक्षण मॉडल पढ़ाया जाएगा। इसके लिए इंटरनेट की जरूरत नहीं होगी क्योंकि यह प्रोग्राम सॉफ्टवेयर आधारित है।

हैल्प लाइन

अग्निशमन केंद्र

फायर स्टेशन	101
बनीपार्क	2201898
बाइस गोदाम	2211258
घाटगेट	2615550
वीकेआई क्षेत्र	2332573
एमआई रोड	2375925

ट्यूरिस्ट पैलेस

आमेर किला	2530293
बिड़ला तारामंडल	2385367
सिटी प्लैस	2608055
हवामहल	2618862
जंतर-मंतर	2610494
जयगढ़ किला	2671848
अल्बर्ट हॉल (संग्रहालय)	2565124
सिसोदिया गार्डन	2680494
चिड़िया घर	2617319
साइंस पार्क	2304654

पुलिस

पुलिस	100
कंट्रोल रूम (जयपुर)	2388435-38
ग्रामीण	2209741
यातायात	2565630

दुर्घटना सेल

पूर्व	2703992
पश्चिम	2209040
उत्तर	2609719
दक्षिण	2372992

सांस्कृतिक केन्द्र

बिड़ला ऑडिटोरियम	2385224
जवाहर कला केन्द	2706503
रवीन्द्र मंच	2619061

पोषण पखवाड़े में प्रदेश को पहले स्थान पर लाने के प्रयास करें: दिया कुमारी

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि समेकित बाल विकास सेवा निदेशालय के अधिकारी आंगनबाड़ियों के बच्चों की पोषण सेवा कर स्वस्थ राज्य और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा में पिछले साल प्रदेश चौथे स्थान पर रहा था। अब 8 से 22 अप्रेल तक आयोजित होने वाले पखवाड़े में राज्य को पहले स्थान पर लाने के लिए कार्य किया जाना चाहिए।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वीसी के माध्यम से विभाग के समस्त उपनिदेशकों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आंगनबाड़ियों के बच्चों के लिए सेवाभाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आदर्श आंगनबाड़ियों के निर्माण कार्य को गति प्रदान की जाए और साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में चल रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में बेहतर प्रदर्शन करें।

उपमुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन और आदर्श आंगनबाडी केन्द्र की प्रगति पर चर्चा की। समीक्षा बैठक में निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओ पी बुनकर, वित्तीय सलाहकार पदमचंद, अतिरिक्त निदेशक अनुपमा टेलर, अतिरिक्त निदेशक मेघराज मीणा, उपनिदेशक डॉ. मंजू यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया पर लूट की झूठी खबर फैलाई, दो आरोपी गिरफ्तार

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। सोशल मीडिया पर झूठी खबर पोस्ट करना दो लोगों को भारी पड़ गया। चूरू जिले की छापर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर लूट की झूठी खबर फैला पुलिस को बदनाम करने के आरोप में बस चालक अनिल कुमार जाट (40) निवासी देव रोड पिलानी एवं परिचालक अशोक स्वामी (43) निवासी बख्तावर पुरा को गिरफ्तार किया है।

एसपी जय यादव ने बताया कि गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक खबर वायरल हुई कि छापर थाना इलाका में पुलिस प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है, बस चालक व परिचालक के साथ अज्ञात बदमाशों ने लूट की घटना की। वायरल वीडियो के सम्बध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार व सीओ प्रहलाद राय के सुपरविजन में थानाधिकारी थाना छापर गीता रानी मय जाब्ता तुरन्त मौके पर पहुंची।

घटना की वास्तविकता की जानकारी हासिल की गई तो पाया कि नोखा से हरिद्वार चलने वाली बस में अनिल कुमार जाट चालक व अशोक स्वामी परिचालक है। दिनांक 26 मार्च की सुबह हरिद्वार से नोखा आ रहे थे। तेहनदेसर टोल प्लाजा थाना साण्डवा पर बस चालक अनिल ने लापरवाही बरत गुजरात नम्बर की कार को टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दिया कार के चालक रामनिवास सिद्व निवासी जोगलिया के साथ इनकी बहस हुई तो आरोपियों ने कार की रिपेयर करवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन बाद में पैसे देने से इनकार कर दिया।

इस पर कार चालक रामनिवास ने कोतवाली सुजानगढ में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर दोनों आरोपियों ने लूट होने की घटना की झूठी कहानी बनाकर खबर सोशल मीडिया पर वायरल कर पुलिस प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया।

आज का राशिफल

शुक्रवार, 4 अप्रेल, 2025

- **मेष :** एक्स्ट्रा कामों से आज कुछ राहत मिलेगी। अनुभवी और प्रभावशाली लोगों का सानिध्य भी मिलेगा। जिससे आपकी विचारों में भी सकारात्मकता आएगी। कामों में सफलता मिलेगी। तनाव की वजह से निजी काम अधूरे रह सकते हैं।
- **वृष :** और मेहनत करने की जरूरत है। अपनी समस्याओं का समाधान पाने के लिए थोड़े स्वार्थी भी रहें। भावनाओं पर काबू रखें तथा प्रैक्टिकल बने इससे आप और अधिक सहजता से निर्णय ले पाएंगे।
- **मिथुन :** रोजमर्रा की व्यस्त दिनचर्या से राहत के लिए आज अपने पसंदीदा काम निपटाने पर ध्यान देंगे। इससे खुशी मिलेगी। बुजुर्गों के मार्गदर्शन से मुश्किल रास्ता आसान हो जाएगा। धैर्य से किए गए कामों का नतीजा भी अच्छा होगा। फायदा होगा पर धीमी गति से। आलस्य के कारण काम में रुकावट आ सकती है।
- **कर्क :** ग्रह गोचर अनुकूल है। किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ चल रही गलतफहमियां दूर होगी। आपसी संबंधों में सुधार होगा। युवाओं को करियर संबंधित मेहनत के मनचाहे नतीजे मिल सकते हैं। अत्यधिक कार्य का बोझ आपके लिए परेशानी का कारण भी बन सकता है।
- **सिंह :** सुकून भरी दिनचर्या रहेगी। युवा वर्ग कोई दुविधा दूर होने से राहत की सांस लेंगे तथा कोई बड़ा फैसला लेने की भी हिम्मत आएगी। यह समय उन्नति दायक है। मेहनत के मनोनुकूल परिणाम मिलेंगे।
- **कन्या :** वरिष्ठ लोगों का सानिध्य और मार्गदर्शन मिलेगा। लंबे समय से चल रही किसी चिंता व तनाव से राहत मिलेगी। कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर सोच-विचार कर ले, निश्चित ही सफलता मिलेगी।
- **तुला :** मित्रों तथा संबंधियों के साथ मुलाकात के अवसर बनेंगे। किसी पारिवारिक अविवाहित सदस्य के लिए अच्छा रिश्ता भी आ सकता है। कुछ समय से आप अपने जिस कार्य को लेकर अधिक मेहनत कर रहे थे।
- **वृश्चिक :** अचानक ही कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने से तनाव दूर होगा। अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव लाने के लिए आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों में भी आपकी रुचि रहेगी। अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे।
- **धनु :** आज ग्रह स्थिति कुछ अनुकूल रहेगी। पिछले कुछ समय से चल रहे तनाव से भी राहत मिलेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। युवा वर्ग भी अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे।
- **मकर :** मित्रों तथा संबंधियों के साथ मुलाकात के अवसर बनेंगे। किसी पारिवारिक अविवाहित सदस्य के लिए अच्छा रिश्ता भी आ सकता है। कुछ समय से आप अपने जिस कार्य को लेकर अधिक मेहनत कर रहे थे, आज उसके अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है।
- **कुंभ :** वाहन अथवा जमीन-जायदाद के क्रय-विक्रय संबंधी योजना बनेगी। अगर कोई फाइनेंस संबंधी काम रुका हुआ है, तो उस पर जरूर ध्यान दें। घर में कोई धार्मिक आयोजन करवाने का भी प्रोग्राम बनेगा।
- **मीन :** ग्रह स्थिति आपके भाग्य को प्रबल कर रही है। आपको अपने कामों में उम्मीद से ज्यादा सफलता मिल सकती है। कहीं निवेश करने का प्लान है तो तुरंत फैसला लें। फायदा होगा।

सरसों-चना खरीद में गड़बड़ी हुई तो उप रजिस्ट्रार और मैनेजर पर होगी कार्रवाई

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि 10 अप्रेल से शुरू होने जा रही सरसों एवं चना की खरीद के लिए समय रहते सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चत कर ली जाए। यदि खरीद प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी सामने आती है या किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, तो संबंधित उप रजिस्ट्रार एवं मैनेजर की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सहकारिता मंत्री ने खरीद को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक में कहा कि सरसों-चना खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 1 अप्रेल से शुरू हो चुकी है। रजिस्ट्रेशन की संख्या के अनुरूप यदि अतिरिक्त खरीद केन्द्र खोलने हों तो इसकी तैयारी पहले से ही कर ली जाए। एक से डेढ़ सप्ताह के बारदाने की व्यवस्था अग्रिम रूप से रखी जाए। टोल फ्री नम्बर पर किसानों की समस्याएं सुनकर उनका शीघ्र निस्तारण करवाया जाए। बारिश की स्थिति में किसानों की उपज को सुरक्षित रखने के लिए तिरपाल का बंदोबस्त किया जाए। जिन कार्मिकों के पास लम्बे समय से एक ही खरीद केन्द्र का प्रभार है, उनका सेंटर बदला जाए। पूरी प्रक्रिया के सम्बन्ध में एक गाइडलाइन भी शीघ्र जारी की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में एक-एक विजिलेंस टीम का गठन किया है जो खरीद केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण करेगी।

समितियों की समयबद्ध ऑडिट हो

दक ने निर्देश दिए कि सभी सहकारी समितियों की समयबद्ध रूप से ऑडिट करवाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही, ऑडिट की जांच कर गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्मों पर भी कार्यवाही की जाए। समितियों की आमसभा समय पर हो। आमसभा केवल औपचारिकता नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसमें लोगों के सुझाव प्राप्त करने एवं नवाचारों की जानकारी देने पर फोकस किया जाए। सहकारिता मंत्री ने निर्देश दिए कि जो गृह निर्माण सहकारी समितियां ऑडिट नहीं करवा रही हैं, उन्हें नोटिस दिया जाए और बार-बार अवहेलना करने पर अवसायन की कार्यवाही शुरू की जाए।

गोदामों के लिए बेहतर लोकेशन देखें

सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिले, यह सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्य पूरे किए जाएं। नवीन गोदामों के लिए अच्छी लोकेशन पर जमीन उपलब्धता के लिए प्रयास किए जाएं। कार्यालयों में योजनाओं के पर्याप्त प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को योजनाओं की जानकारी मिले। बैठक में पैक्स विहीन ग्राम पंचायतों में जीएसएस के गठन, कृषि एवं अकृषि ऋण योजना, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, पैक्स की लाभ-हानि की स्थिति, अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत लम्बित प्रकरणों की स्थिति, भूमि विकास बैंक द्वारा ऋण वितरण एवं वसूली, उपभोक्ता भंडार व्यवसाय एवं सहकार से समृद्धि अभियान के अंतर्गत हो रहे कार्यों आदि पर भी विस्तार से समीक्षा की गई।

एसीपी को थार से टक्कर मारने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। पुलिस ने होली के दिन एसीपी गांधी नगर और उनकी टीम पर गाड़ी चढ़ाने के मामले में 3 जनों को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक अन्य आरोपी फरार चल रहा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जमानत पर छोड़ दिया गया। पुलिस ने इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

एसीपी गांधी नगर आदित्य पूनियां ने बताया कि वरुण ढोडियाल निवासी सोडाला, यादवेंद्र सिंह उर्फ नवीन निवासी बगरू और सागर शर्मा निवासी श्याम नगर को गिरफ्तार किया। 14 मार्च को एसीपी गांधी नगर अपनी टीम के साथ जेएलएन मार्ग पर ड्यूटी कर रहे थे, तभी एक काली थार सवार चार युवक शराब पीते हुए स्टंट कर रहे थे। एसीपी ने उन्हें रुकने का इशारा किया। युवकों ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी और एसीपी व उनकी टीम को टक्कर मारने की कोशिश की। इसके बाद उन्होंने पुलिस के सरकारी वाहन को भी टक्कर मार दी और फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की, लेकिन वे लगातार ठिकाने बदलते रहे। अब पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पशु परिचर भर्ती परीक्षा 2024 का रिजल्ट जारी

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने पशु परिचर भर्ती परीक्षा-2024 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। परीक्षा में कुल 3 लाख 82 अभ्यर्थी उतीर्ण हुए हैं। सफल अभ्यर्थियों का रिजल्ट रोल नंबर के साथ वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है।

बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- पशु परिचर भर्ती परीक्षा भर्ती का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया गया है। भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले 10 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं। अब पशुपालन विभाग द्वारा दो से तीन गुना अभ्यर्थियों को डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाएगा। जिसके आधार पर उन्हें फाइनल पोस्टिंग दी जाएगी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने प्रदेशभर में पिछले साल 1, 2 और 3 दिसंबर को 6 हजार 433 पदों के लिए पशु परिचर भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। प्रदेशभर में परीक्षा में 10 लाख 52 हजार 565 अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन और 500 ग्राम हेरोइन बरामद

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। सीमा सुरक्षा बल ने राजस्थान के श्रीगंगानगर सेक्टर में भारत—पाक सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन और उससे गिराई गई 500 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ राजस्थान फ्रंटियर के महानिरीक्षक एम.एल. गर्ग के अनुसार बुधवार देर रात श्रीकरणपुर से लगी भारत-पाकिस्तान अन्तरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात जवानों ने गश्त के दौरान एक पैकेट संदिग्ध हेरोइन एवं एक पाक ड्रोन बरामद किया। हालांकि, इस हेरोइन को लेने पहुंचे तस्कर अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकले। इससे पहले भी 21 मार्च को पाकिस्तान से आई 3 किलोग्राम हेरोइन बीएसएफ ने बरामद की थी।

करोड़ो की फर्जी आईटीसी का दुरुपयोग करने का आरोपी गिरफ्तार

जयपुर, 4 अप्रेल। वाणिज्यिक कर विभाग के मुख्य आयुक्त प्रकाश राजपुरोहित के निर्देशन में एसजीएसटी की एन्फोर्समेंट शाखा-प्रथम ने करोड़ों रुपए की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के उपयोग और जीएसटी कर चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

राज्य कर, प्रवर्तन शाखा-प्रथम के अतिरिक्त आयुक्त शालीन उपाध्याय ने बताया कि बोगस फर्मों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत विभाग द्वारा विभिन्न फर्मों के वित्तीय लेन-देन की गहन जांच की गई। जांच के दौरान उजागर हुआ कि ब्रह्मपुरी निवासी किशोर कुमार मूलानी ने अपनी फर्म मैसर्स श्रीगोविंद मेटल ट्रेडर्स एवं अपने पुत्र राहुल मूलानी की फर्म मैसर्स साहिल ट्रेडर्स में राज्य के बाहर स्थित 27 फर्जी फर्मों से बोगस बिलों के माध्यम से लगभग 53 करोड़ रुपये की फर्जी खरीद दिखाकर राजस्थान में 9.55 करोड़ रुपये की आईटीसी का अनुचित लाभ लिया।

कलक्टर ने लिया विकास कार्यों का जायजा

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गुरुवार को आमेर उपखण्ड के मानपुरा माचेड़ी गांव में विकास कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पंचायत भवन, वाचनालय सहित अन्य विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान उन्होंने आमजन से संवाद किया एवं विकास कार्यों व व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं का फीडबैक भी लिया। कलक्टर ने पंचायत भवन में आयोजित बैठक में अधिकारियों को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने चिकित्सा अधिकारी से प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र में साफ-सफाई, दवाइयों, चिकित्सकीय उपकरणों सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही, कृषि पर्यवेक्षक से कृषक कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की।

शेखावाटी हवेलियों के संरक्षण में रामगढ़ मॉडल बने: उप मुख्यमंत्री

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के संरक्षण के संबंध बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए आवश्यक उपाय किये जाए। यदि आवश्यक हो तो विरासत संरक्षण बॉयलॉज को भी अपडेट किया जाए। सीकर,झुंझनूं और चूरू कलक्टर हवेलियों का सर्वे कर उसका डिजिटलाइजेशन करवाये। दियाकुमारी ने कहा कि सीकर के रामगढ़ की हवेलियों के संरक्षण के लिए तत्काल सीकर कलक्टर विशेषज्ञों को साथ रामगढ़ का दौरा कर सुधारात्मक कार्य शुरू करें। रामगढ़ को शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के संरक्षण के एक मॉडल के रूप में तैयार किया जाए। इसी आधार पर क्षेत्र की अन्य हवेलियों का संरक्षण हो।

जीआईटीबी को लेकर बैठक ली

उपमुख्यमंत्री ने 4 से 6 मई तक जयपुर में होने वाले 14वें द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार (जीआईटीबी) के बारे में भी सचिवालय में बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जीआईटीबी का आयोजन बेहतरीन हो, जिससे राजस्थान में आईफा जैसे अन्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय इवेंट की सम्भावनाएं प्रबल हो सकें। महानिदेशक पर्यटन, भारत सरकार मुग्धा सिन्हा ने बताया कि जीआईटीबी वर्ष 2008 में अपनी स्थापना के बाद 13 वर्षों से जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। पिछले 13 संस्करणों में 99 देशों के लगभग 3000 अग्रणी विदेशी टूर ऑपरेटरों ने इसमें भाग लिया है। इस साल केन्द्र सरकार के मीट इन इंडिया कॉन्क्लेव का आयोजन भी जीआईटीबी के साथ किया जाएगा।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PHED CIRCLE NAGAUR

No.: TA/2024-25/10919-10925 Date: 26.03.2025

NOTICE INVITING BID 59-60/2024-25

Bid for Construction & Commissioning work of TW (Nit No. 59-60/2024-25 are invited from interested bidders upto 11.00 PM 07.04.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in)** of the state; **phedwater.rajasthan.gov.in** departmental website.

NIT No.	SPPP UBN No	NIT No.	SPPP UBN No
59/2024-25	PHE2425WSOB12332	60/2024-25	PHE2425WSOB12333

"SAVE WATER-SAVE LIFE"

(SHYOJI RAM) SUPERINTENDING ENGINEER

DIPR/C/4537/2025 **PHED CIRCLE NAGAUR**

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, WD & SC, DIVISION, BAYANA

File No.: WD&SC/TENDER/2024-25/417 Date: 28.03.2025

NOTICE INVITING BID

NIT No. 14/2024-25

Bids for Farm pond with S/F HDPE plastic film/geo membran for Farmpond lining 500 Micron sheet, Recharge Shaft for aquifers and Roof top water harvesting structure etc. Works of estimated value INR 48.15 Lakhs in Block Bayana is invited from interested bidders up to 06 PM, 07.04.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (**https://eproc.rajasthan.gov.in** or **https://sppp.rajasthan.gov.in/**) of the state.

NIB Code- WSC2425A0714

UBN Code- WSC2425WSOB01460

EXECUTIVE ENGINEER

DIPR/C/4558/2025 **WD & SC DIVISION BAYANA**

कार्यालय नगर परिषद, सवाई माधोपुर-राज.

क्रमांक :- न.प.स.मा./2024-25/17737 दिनांक :- 29/03/2025

ई-निविदा सूचना वर्ष 2024-25

केन्द्र एवं राज्य सरकार में उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर पालिका/परिषद/निगम/स्वायत्त शासन विभाग के निविदाताओं से आयुक्त/अधिशाषी अभियन्ता द्वारा सम्बन्धित निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत 01.00 लाख से 14.00 लाख है। टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राजस्थान सरकार के पोर्टल Website:- **www.sppp.raj.nic.in, www.eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है। **UBN Code - DLB2526WSOB00022 To DLB2526WSOB00031**

राज.संवाद/सी/25/179 आयुक्त

पशुपालन मंत्री ने ली बैठक, फर्जी गौशालाओं पर कार्रवाई के निर्देश दिए

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में सचिवालय में गोपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पशुपालन सचिव डॉ समित शर्मा उपस्थित थे। बैठक में गोशालाओं को भूमि आवंटन के नियमों में संशोधन पर राजस्व विभाग के प्रतिनिधि के साथ विस्तृत चर्चा हुई। वर्तमान नियमों के अनुसार ग्राम पंचायतों में आश्रय स्थल खोलने में कठिनाई हो रही है। कुमावत ने इसके निराकरण के लिए गौशाला अधिनियम 1960 के दिशानिर्देशों में कुछ लचीलापन लाने के निर्देश दिए।

जैसलमेर जिले की गोशालाओं द्वारा फर्जी अनुदान प्राप्त किए जाने के मामले में उन्होंने कहा कि फर्जी गोशालाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए और दंडस्वरूप उनसे वसूली भी की जाए जिससे दूसरे गोशाला संचालकों के लिए भी उदाहरण पेश हो। उन्होंने गोशालाओं के बकाया अनुदान के भुगतान की व्यवस्था भी शीघ्र कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने सूचित किया कि अप्रेल माह से गोशालाओं को नई बजट घोषणा के अनुसार अनुदान राशि दी जाएगी। बैठक में बताया गया कि अधिकांश लंबित मामलों का निस्तारण कर दिया गया है। कुमावत ने कहा कि अपात्र गोशालाओं का विभाग की ओर से मार्गदर्शन किया जाए जिससे वे भी अपनी पात्रता सिद्ध कर सकें और उन्हें भी सरकार से सहयोग मिल सके जिससे गोशालाएं अच्छी तरह चल सकेंगी। कुमावत ने गोपालन विभाग द्वारा अनुदानित गौशालाओं की रैंकिंग व ग्रेडिंग के लिए गोपालन वेब एप्लीकेशन का लोकार्पण भी किया।

कम अनुदान से नहीं खुल पा रहीं नंदीशाला: बैठक में जिला स्तरीय नंदीशाला योजना के संशोधित प्रारूप पर भी चर्चा हुई। कुमावत ने कहा कि वर्तमान में जिला स्तर पर नंदीशाला खोलने के लिए दी जा रही अनुदान राशि बहुत ही कम है जिसकी वजह से नंदीशालाएं नहीं खुल रही हैं। इसे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए जल्द प्रस्ताव वित विभाग को भेजा जाए।

नागर ने सालासर बालाजी मंदिर में किए दर्शन

जयपुर, 4 अप्रेल। ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने गुरूवार को चुरू जिले के सालासर पहुंचकर बालाजी मंदिर के दर्शन कर पूजा—अर्चना की और देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

देवनानी ने ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तम स्वामी का आशीर्वाद लिया

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तम स्वामी को माला और दुपट्टा पहनाकर आशीर्वाद लिया। देवनानी ने कहा कि स्वामीजी के दर्शन से अध्यात्मिक ऊर्जा, शांति एवं सकारात्मकता की अनुभूति होती है। उनके मार्गदर्शन से भक्ति और सेवा के महत्व को समझने का लोगों को अवसर प्राप्त हो रहा है। स्वामी के आध्यात्मिक प्रवचनों से सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो सकेगा।

देवनानी ने स्वामी को राजस्थान विधान सभा में नवाचारों का एक वर्ष पुस्तक की प्रति भी भेंट की। स्वामी ने भी देवनानी को विधान सभा के सदन और भवन में किये गये नवाचारों के लिये बधाई दी। देवनानी ने स्वामी से सनातन संस्कृति और आध्यत्म पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर (राज.)

क्रमांक- 167 दिनांक- 03/04/25

सार्वजनिक आपत्ति विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखित आवेदकों के आगे वर्णित स्थान पर 90ए/90बी/69ए/ पुरानी आबादी के तहत पट्टा चाहा गया है जो निम्न है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	राजस्व ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल वर्गमीटर	आवासीय/ व्यवसायिक
1	श्री भरौसी लाल मीना पुत्र श्री मांगीलाल मीना	सालोदा	18	222.96	आवासीय

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नम्बरों / 69ए / पुरानी आबादी में पट्टा देने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में नगर परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। उक्त अवधि में आपत्ति पेश नहीं होने पर आवेदनकर्ता को भूमि का नियमानुसार आवासीय / व्यवसायिक पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जाएगी इसके पश्चात कोई भी आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जायेगी। सूचित रहें।

आयुक्त

नगर परिषद गंगापुर सिटी

कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर (राज.)

क्रमांक- 165 दिनांक- 03/04/25

सार्वजनिक आपत्ति विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखित आवेदकों के आगे वर्णित स्थान पर 90ए/90बी/69ए/ पुरानी आबादी के तहत पट्टा चाहा गया है जो निम्न है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	राजस्व ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल वर्गमीटर	आवासीय/ व्यवसायिक
1	श्रीमती प्रीति गोयल पुत्री श्री सुरेश चन्द गोयल	उदेईकलां	5730	55.74	आवासीय

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नम्बरों / 69ए / पुरानी आबादी में पट्टा देने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में नगर परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। उक्त अवधि में आपत्ति पेश नहीं होने पर आवेदनकर्ता को भूमि का नियमानुसार आवासीय / व्यवसायिक पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जाएगी इसके पश्चात कोई भी आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जायेगी। सूचित रहें।

आयुक्त

नगर परिषद गंगापुर सिटी

कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर (राज.)

क्रमांक- 166 दिनांक- 03/04/25

सार्वजनिक आपत्ति विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखित आवेदकों के आगे वर्णित स्थान पर 90ए/90बी/69ए/ पुरानी आबादी के तहत पट्टा चाहा गया है जो निम्न है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	राजस्व ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल वर्गमीटर	आवासीय/ व्यवसायिक
1	श्रीमती मनीषा कुमारी पुत्री श्री कैलाश चंद बैरवा	भिर्जापुर	577	260.12	आवासीय

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नम्बरों / 69ए / पुरानी आबादी में पट्टा देने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में नगर परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। उक्त अवधि में आपत्ति पेश नहीं होने पर आवेदनकर्ता को भूमि का नियमानुसार आवासीय / व्यवसायिक पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जाएगी इसके पश्चात कोई भी आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जायेगी। सूचित रहें।

आयुक्त

नगर परिषद गंगापुर सिटी

प्राकृतिक खेती को मिशन के तौर पर लेकर अधिक लाभकारी बनाएं: चौधरी

सांध्यज्योति संवाददाता

जयपुर, 4 अप्रेल। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी की अध्यक्षता में पंत कृषि भवन के समिति कक्ष में कृषकों, पशुपालकों, कृषि श्रमिकों एवं अन्य सहभागियों की समस्याओं एवं उनके समाधान के संबंध में राज्य सरकार को प्रस्तुत किये जाने वाले प्रतिवेदन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी देकर उनमें किये जाने संभावित सुधारों एवं नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की गई हैं।

चौधरी ने बताया कि कृषक कल्याण के लिए राज्य सरकार सदैव कटिबद्ध है। विभागीय अधिकारी योजनाओं द्वारा अधिक से अधिक किसानों और पशुपालकों को लाभान्वित करें। हमारा प्रदेश कृषि प्रधान होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश आबादी कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी हुई थी, जिनकी संख्या में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। अध्यक्ष महोदय ने बताया कि किसानों एवं पशुपालकों की समस्याओं का निवारण कर प्राकृतिक खेती को मिशन के रूप अपनाकर इसे अधिक लाभकारी बनाया जाये। विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के क्रियान्यवन में आ रही समस्याओं को दूर कर अधिक से अधिक कृषकों को लाभ पहुंचाये।

पशु आहार संयंत्र, बीकानेर

(इकाई - राजस्थान कॉ-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन लि.) लालगढ़ - बीकानेर

क्र.0 आरसीडीएफ/सीएफपी/बीकानेर/2024-25/5787 - 5800 दिनांक :- 31/03/2025

ई-निविदा सूचना

पूर्व कार्यानुभव रखने वाले पात्र व्यक्तियों/फर्मों/एजेन्सियों से आरसीडीएफ के पशु आहार संयंत्र, बीकानेर, के लिए राजस्थान स्टेट श्रीगंगानगर शुगर मिल्स, श्रीगंगानगर से "मोलासिस परिवहन" हेतु ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑन-लाईन निविदायें दिनांक 15.04.2025 तक आमंत्रित की जाती है, जिसकी अनुमानित लागत 26 लाख रूपये है। ई-निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** एवम् वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार होगा एवम् किसी भी विवाद के मामले में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अन्तिम होगा।

UBN No. : CDF2425SLRC01478

राज.संवाद/सी/25/193 प्रबन्धक

जीवन में मटे रस-हमारा प्यार

विज्ञापन व समाचार के लिए सम्पर्क करें

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण में सी - स्कीम, श्याम नगर, सिविल लाईंस, वैशाली नगर, चित्रकूट, निर्माण नगर, अजमेर रोड वासी अपने क्षेत्र के समाचार वर्गीकृत विज्ञापन, सजावटी विज्ञापन तथा विज्ञापन बुकिंग काउंटर के लिए सम्पर्क करें।

सुरेन्द्र मारवाल

मारवाल पब्लिसिटी

मारवाल हाऊस, हवा सड़क, सिविल लाइन्स, जयपुर-302006

मोबाइल : 93144-33020

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण हेतु राजापार्क एरिया के समाचार सकंलन एवं विज्ञापन बुकिंग के लिए सम्पर्क करें

मौलिक एडवरटाइजिंग एजेन्सी

एस-28, सरदार भवन, वसुन्धरा कॉलोनी, बिग बाजार वाली गली, टोंक रोड, जयपुर 302018

फोन : 2703404

मो. 9828164559

फैक्स नं. 0141-2707338

चौमूं

विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

मनीष यादव

यादव एडवरटाइजिंग एजेन्सी

सांध्य ज्योति दर्पण

धोली मण्डी, तनिष्का आयुर्वेदिक के पास, चौमूं

मो. 9667902742

अपने प्रियजनों की स्मृति में श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि, तीये की बैठक और शोक संदेश के विज्ञापन मय फोटो साइज 5|4 सेमी मात्र 500/- रु. में प्रकाशित करायें।

पाठकों को सलाह

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई भी व्यवहार करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच अवश्य कर लें, क्योंकि सांध्य ज्योति दर्पण विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार-पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

आज का दिन

चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी, विक्रम सं. 2082, शक संवत् 1947, हिजरी 1446, तद्नुसार अंग्रेजी दिनांक 4 अप्रेल, सन् 2025 ईस्वी। वार- शुक्रवार, सूर्य-उत्तरायण, ऋतु-शिशिर

सम्पादकीय

वक्फ बिल का असर

वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की उम्मीद तो किसी को नहीं, लेकिन गतिरोध को कम से कम करने का प्रयास जरूर होना चाहिए। इस बिल का असर एक बड़ी आबादी पर पड़ेगा। अगर उसकी चिंताओं को दूर नहीं किया गया तो बिल का मकसद अधूरा रह जाएगा। सरकार ने पिछले साल अगस्त में वक्फ संशोधन से जुड़ा नया बिल लोकसभा में पेश किया था। तब विपक्ष के विरोध के चलते इसे संयुक्त संसदीय कमिटी के पास भेज दिया गया। इस साल फरवरी में कमिटी ने अपनी रिपोर्ट दी, फिर केंद्रीय कैबिनेट ने उसे मंजूरी दी। सरकार का कहना है कि उसने विपक्ष की बात भी सुनी है, जबकि विपक्ष का आरोप है कि उसके सुझाए बदलावों को स्वीकार नहीं किया गया। वक्फ को लेकर विवाद कोई नया नहीं है और इसके कामकाज में सुधार होना चाहिए। वहीं, यह बड़ी संपत्ति का मालिक भी है। सरकारी रिपोर्ट बताती है कि फिलहाल वक्फ बोर्ड के पास देशभर में 8.7 लाख संपत्तियां हैं। भारतीय सेना और रेलवे के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। संशोधन बिल से इनके मैनेजमेंट में आसानी होगी।

विपक्ष के साथ ही एक वर्ग को डर है कि यह बिल कानून बन गया तो इसके जरिये सरकार धार्मिक मामलों में दखल देगी। हालांकि वक्फ संशोधन विधेयक पेश करते हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वक्फ बोर्ड किसी भी धार्मिक संस्था की व्यवस्था में हस्तक्षेप नहीं करेगा।

सेंट्रल वक्फ काउंसिल में गैर-मुस्लिम सदस्यों के होने के प्रावधान पर आपत्ति हो सकती है, लेकिन महिला सदस्यों को लेकर हंगामा समझ से परे है। इससे मुस्लिम महिलाओं को अपनी बात रखने और अधिकार हासिल करने का मौका मिलेगा। इसी तरह, बोहरा और आगाखानी के लिए अलग बोर्ड बनने से इनके साथ अभी तक हुए भेदभाव को दूर किया जा सकेगा। विपक्ष के साथ ही एक वर्ग को डर है कि यह बिल कानून बन गया तो इसके जरिये सरकार धार्मिक मामलों में दखल देगी। हालांकि वक्फ संशोधन विधेयक पेश करते हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वक्फ बोर्ड किसी भी धार्मिक संस्था की व्यवस्था में हस्तक्षेप नहीं करेगा। इस तरह की बात सरकार की तरफ से पहले भी कही जा चुकी है। इसके बावजूद अगर गतिरोध कायम है, तो इसकी वजह है संवाद और भरोसे की कमी। वक्फ बिल असल में धर्म से ज्यादा प्रॉपर्टी से जुड़ा मसला है। यह भी सच है कि वक्फ संपत्तियों की बदइंतजामी से जुड़ी खबरें आती रही हैं। ऐसे में सुधार की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन सुधार संवाद और सहमति के जरिए हो, टकराव का माहौल न बने, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

विदेशी अखबारों से

इजरायल ने गाजा के स्कूल पर बरसाए बम, बच्चों समेत 33 लोगों की मौत

इजरायली लड़ाकू जेट ने गुरुवार को गाजा पट्टी में कहर बरपाया है। इजरायली हवाई हमलों में गाजा में कम से कम 100 लोग मारे गए। इसमें उत्तरी गाजा के स्कूल पर हवाई हमला भी शामिल है, जिसमें शरण लिए 33 लोग मारे गए हैं। स्कूल पर हुई बमबारी में 70 लोग घायल हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हाल के दिनों में इजराइल ने अपने हमले का दायरा बढ़ा दिया है। इजराइल की सेना ने कहा है कि उसने आक्रामक कार्रवाई तेज कर दी है जिसका इरादा हमास पर नया दबाव डालना और उसे आखिरकार खदेड़ देना है। फलस्तीन स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता जहेर अल-वाहिदी ने बताया कि गाजा शहर के तुफ्फाह में स्थित एक स्कूल से 14 बच्चों और पांच महिलाओं के शव बरामद किए गए लेकिन मृतकों की संख्या अभी बढ़ सकती है, क्योंकि 70 घायलों में कुछ की स्थिति नाजुक है। उन्होंने अहली अस्पताल के रिकॉर्ड का हवाला देते हुए बताया कि निकटवर्ती हिजाय्याह इलाके में घरों पर हुए हमलों में 30 से अधिक अन्य गाजा निवासी मारे गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसने गाजा सिटी इलाके में 'हमास कमांड और कंट्रोल सेंटर' पर हमला किया। इसने कहा कि उसने नागरिकों को होने वाले नुकसान को कम करने के लिए कदम उठाए हैं। सेना ने बृहस्पतिवार को उत्तरी गाजा के कुछ हिस्सों में रहने वाले निवासियों को गाजा शहर के पश्चिमी हिस्से में शरण लेने का आदेश दिया। उसने चेतावनी भी दी कि वह 'इलाके में अत्यधिक बल के साथ काम करने' की योजना बना रही है। लक्षित क्षेत्र से निकलने वाले कई फ़लस्तीनी पैदल ही निकले, कुछ ने अपना सामान अपनी पीठ पर लाद रखा था और कुछ ने खच्चर गाड़ियों का इस्तेमाल किया।

प्रेरक प्रसंग

अक्षय पात्र

जब युधिष्ठिर अपने चारों भाइयों एवं भार्या सहित वनवास कर रहे थे। उस समय भ्रमणशील साधु संत उनसे मिलने आया करते थे। परंतु वन में इतने लोगों के लिए भोजन सदैव बना कर रखना कठिन कार्य था। एक बार धर्मराज युधिष्ठिर के पुरोहित महर्षि धौम्य उनकी कुटिया में आए। तब उन्होंने युधिष्ठिर को अक्षय पात्र के बारे में बताया। धौम्य के बताए अनुसार युधिष्ठिर ने सूर्य देव की आराधना की। उनकी तपस्या से भगवान सूर्य प्रसन्न होकर उनके पास प्रकट हुए। तब युधिष्ठिर ने सूर्यदेव से कहा, हमारी कुटिया में प्रतिदिन इतने साधु सन्यासी जन आते हैं।

मैं अपने परिवार सहित जंगल में विहार करता हूं। इतने सारे लोगों के लिए भोज्य पदार्थ एकत्रित करना और सदैव पका हुआ भोजन तैयार कठिन हो जाता है। कभी कभार तो केवल फल इत्यादि से ही साधुओं का पेट भर पाता हूं। जिससे मुझे ग्लानि का भाव आता है। इसी के समाधान हेतु मैंने यह पूजा अर्चना की है। तब सूर्य देव ने एक तांबे का पात्र युधिष्ठिर के हाथ में रख दिया और कहा, हे युधिष्ठिर! तुम मेरे लिए पुत्र तुल्य हो।

मैं तुम्हारी कामना पूर्ण करता हूं। यह अक्षय पात्र है। 12 वर्ष तक मैं तुम्हें इसी पात्र से अन्न दान करूंगा। तुम्हारे पास अन्न, फल, शाक आदि चार प्रकार की भोजन सामग्रियां तब तक अक्षय रहेगी, जब तक द्रौपदी भोजन प्राप्त नहीं करेगी। इस अक्षय पत्र से सामग्रियां तब तक ही अक्षय रहेगी जब तक द्रौपदी परोसती रहेगी। इस अक्षय पत्र को पकड़ युधिष्ठिर बड़े ही प्रसन्न हुए। हाथ जोड़कर सूर्य देव को प्रणाम कर धन्यवाद किया।

मथुरा-काशी से जुड़ी नई मुहिम का आह्वान

ललित गर्ग

संघ की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका वि मा को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने साफ कर दिया कि उस समय यानी 1984 में विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने तीन मंदिरों की बात की थी। इसलिए अगर संघ के स्वयंसेवक इन मंदिरों के लिए काम करना चाहते हैं, तो हम उनको रोकेंगे नहीं। साफ है, इस बयान के बाद इन मथुरा-काशी दोनों स्थलों से जुड़े विवाद और इनके आंदोलनों को एक नई ऊर्जा, इन मन्दिरों के जीर्णोद्धार, स्वतंत्र अस्तित्व हासिल करने में सफलता मिलेगी। इससे एक बार फिर भाजपा की ताकत बढ़ेगी एवं हिन्दुओं को एकजुट करने का वातावरण बनेगा।

हिंदू समूहों का दावा है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट करके उनके ऊपर मस्जिदें बना दीं। इसीलिये विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने 1984 में तीन मंदिरों की बात की थी, जिनमें में अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बन चुका है। इसके बाद कई लोगों को लगने लगा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठन इससे संतुष्ट हो चुके हैं और काशी व मथुरा के विषय को जैसे उन्होंने त्याग दिया है या भूला दिया है। लेकिन ऐसा नहीं है, लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश किए जाने से कुछ ही घंटे पहले संघ के सरकार्यवाह एवं महामंत्री दत्तात्रेय होसबाले ने काशी ज्ञानवापी और मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े आंदोलनों-कार्यक्रमों में संघ के स्वयंसेवकों को न रोकने की बात कह कर एक नई मुहीम के आह्वान का अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दे दिया है, जिसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। पिछले कुछ समय से इनको लेकर एक ऊहापोह की स्थिति थी, लेकिन संघ के इस मुद्दे पर छाये धुंधलको को हटाते हुए अपने नये बयान से ऊर्जा का संचार किया है। भले ही इससे राजनीति गर्माये, लेकिन हिन्दू आस्था को इससे खुशी मिली है।

संघ की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका विक्रमा को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने साफ कर दिया कि उस समय यानी 1984 में विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने तीन मंदिरों की बात की थी। इसलिए अगर संघ के स्वयंसेवक इन मंदिरों के लिए काम करना चाहते हैं, तो हम उनको रोकेंगे नहीं। साफ है, इस बयान के बाद इन मथुरा-काशी दोनों स्थलों से जुड़े विवाद और इनके आंदोलनों को एक नई ऊर्जा, इन मन्दिरों के जीर्णोद्धार, स्वतंत्र अस्तित्व हासिल करने में सफलता मिलेगी। इससे एक बार फिर भाजपा की ताकत बढ़ेगी एवं हिन्दुओं को एकजुट करने का वातावरण बनेगा। बिहार में कुछ ही माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और साल 2027 की शुरुआत में ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार एवं उत्तर प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में जातिगत गणना और आरक्षण को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें हो रही हैं। इन दोनों चुनावों में काशी और मथुरा बड़ा मुद्दा बने, तो कोई आश्चर्य नहीं है। दोनों मन्दिर बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के दो छोरों पर स्थित हिंदुओं के दो बड़े पवित्र एवं पावन धर्मस्थल हैं। मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के रूप में और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के रूप में हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण आस्था-स्थल हैं, जहां लोग मोक्ष प्राप्ति के लिए आते हैं। दोनों मंदिर हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और करोड़ो भक्तों को आकर्षित करते हैं, दोनों मंदिर भारतीय संस्कृति और इतिहास का अहम हिस्सा हैं और उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

काशी में विश्वनाथ और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर का पुनरुद्धार केवल भौतिक संरचनाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास नहीं है-यह भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सार को पुनर्जीवित करने एवं आहत हिन्दू आस्था पर मरहम लगाने का आह्वान है। सनातन धर्म की शाश्वत विरासत के प्रतीक ये मंदिर आक्रमणकारियों के सदियों के हमलों के बावजूद हिंदुओं की दृढ़ता और भक्ति के प्रमाण हैं। इन पवित्र स्थलों को पुनः प्राप्त करना हमारे पूर्वजों के बलिदान का सम्मान करने, हमारी विरासत को संरक्षित करने और हमारी समृद्ध परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का कार्य है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंदू मंदिरों के बारे में सच्चाई सबके सामने है, लेकिन ये मामले अनसुलझे हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के ये स्थल लंबी अदालती लड़ाई के बावजूद अभी भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं। दत्तात्रेय होसबले का यह साक्षात्कार महत्वपूर्ण होने के साथ दूरगामी सोच से जुड़ा है। हालांकि, होसबले ने अपने इसी इंटरव्यू में देश की सभी मस्जिदों को मुद्दा बनाने की प्रवृत्ति को सामाजिक ताने-बाने के लिए नुकसानदेह बताकर संतुलन साधने की कोशिश की है। इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशना सही नहीं है। भले ही पिछले साल दिसंबर में मस्जिदों को लेकर उठ रहे विवाद को शांत करने का उन्होंने यह प्रयास किया था। लेकिन काशी और मथुरा भी उसमें शामिल रहे हो, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है? होसबले ने इस साक्षात्कार में गौ हत्या, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी चिंताओं को स्वीकार किया। उन्होंने अस्पृश्यता यानी छुआछूत को खत्म करने, युवाओं में संस्कृति के संरक्षण और देशी भाषाओं की सुरक्षा जैसे समकालीन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। भाषा नीति पर होसबाले ने त्रिभाषी दृष्टिकोण का समर्थन किया और इसे 95 प्रतिशत भाषाई विवादों का समाधान बताया। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उनमें शिक्षित लोगों के लिए आर्थिक अवसर सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। होसबोले ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक भूराजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। यदि भारत में हिंदू समाज मजबूत और संगठित नहीं है, तो केवल 'अखंड भारत' के बारे में बोलने से परिणाम नहीं मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत की खोज में लगे रहने से समाज अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तनों पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगा, जैसे अस्पृश्यता को समाप्त करना, युवाओं में मूल्यों का संचार करना तथा संस्कृति और भाषाओं को संरक्षित करना। निश्चित ही होसबले के बोल से जहां हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा को बल मिला है, वहीं राष्ट्रीयता भी मजबूत होती हुई दिख रही है। संघ की स्थापना भी इसी उद्देश्य एवं राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी। हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो न जाये, हिन्दू समाज पर रह-रह हो रहे हमले रूके, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास विराम पाये-इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने की दृष्टि से होसबले ने जगाया है, चेताया है, संगठित होने का आह्वान किया है। निश्चित तौर पर इन दोनों मन्दिर मुद्दों को नए सिरे से हवा देने की इस कवायद ने संघ विरोधियों एवं मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के सामने एक नई गंभीर चुनौती पेश की है। खासकर यह देखते हुए कि अयोध्या की रणनीतिक सफलता ने हिंदुत्व की राजनीति का आधार मजबूत किया है, हिन्दुओं को संगठित किया है। मंदिर-मस्जिद विवाद के बीच संघ की तरफ से पहले भी कई बयान आते रहे हैं। ये बयान दर्शाते हैं कि संघ भले ही सीधे-सीधे विवाद से खुद को भले ही अलग रखता हो, वैचारिक रूप से वह इनको पूरा समर्थन देता है। संघ का समर्थन देश को अराजक बनाने का कभी नहीं रहा, उसके सामने बड़ा लक्ष्य देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का भी है। बांग्लादेश समेत कई पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी शक्तियां नए सिरे से सक्रिय होने लगी हैं, उनसे लड़ने की ताकत एवं रणनीति भी संघ चाहता है।

ट्रम्प के टैरिफ पर कनाडा, मैक्सिको और चीन से भारत सबक ले

डॉ. नीलांजन बानिक

चीन ने पिछले कुछ वर्षों में मेक्सिको में 30 प्रतिशत अधिक एपडीआईडाला है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि चीनी अधिक आक्रामक हैं, खुले तौर पर कह रहे हैं कि वे व्यापार युद्ध में शामिल होने से डरते नहीं हैं। भारत के लिए, अमेरिका पर व्यापार निर्भरता केनेडा और मेक्सिको की अमेरिका के साथ व्यापार निर्भरता के स्तर की तुलना में उतनी अधिक नहीं है। अमेरिका को भारत द्वारा किये जाने वाले मुख्य निर्यात में परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद, रत्न और आभूषण, परिधान और वस्त्र, इंजीनियरिंग सामान और दवा उत्पाद शामिल हैं।

डील के विपरीत, केनेडा को यूरोपीय संघ और चीन से दुर्लभ खनिज सामग्री मिलेगी। अमेरिकी टैरिफ नीति अंततः आर्थिक अलगाव की ओर ले जा सकती है और समय के साथ रणनीतिक खतरों के खत्म होने के बाद टैरिफ पर अंतिम विराम भी लग सकता है। वास्तव में, टैरिफ अमेरिका के लिए कभी काम नहीं किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीनी आयात पर 20 प्रतिशत और केनेडाई और मैक्सिकन वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया। केनेडा ने 20.7अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के अमेरिकी निर्यात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर जवाबी कार्रवाई की। यदि 21 दिनों के बाद ट्रम्प टैरिफ में कटौती नहीं करते हैं, तो इस प्रतिशोध को 86.2अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के सामानों तक बढ़ाने की संभावना है। चीन ने पहले भी विभिन्न अमेरिकी निर्यातों पर 10 से 15 प्रतिशत टैरिफ लगाकर जवाबी कार्रवाई की है। भारत पर टैरिफ 2 अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले हैं। अमेरिका केनेडा का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। इसलिए, केनेडा अत्यधिक असुरक्षित है। विशुद्ध रूप से संख्याओं (विशेष रूप से जीडीपी के प्रतिशत के रूप में व्यापार) के आधार पर, यह स्पष्ट है कि केनेडा और मैक्सिको को ट्रम्प के टैरिफ से सबसे अधिक नुकसान होने की संभावना है। विशेष रूप से, स्टील पर 25 प्रतिशत टैरिफ और एल्युमीनियम उत्पादों पर 10 प्रतिशत टैरिफ के साथ-साथ विभिन्न अन्य वस्तुओं पर टैरिफ के कारण। यूनाइटेड स्टेट्स-मेक्सिको-केनेडा समझौते (यूएसएमसीए) के तहत, इन देशों को व्यापार में न्यूनतम बाधाओं के साथ अमेरिकी बाजार में अपेक्षाकृत खुली पहुंच प्राप्त थी। टैरिफ के कारण केनेडाई निर्माताओं की लागत बढ़ गयी, जिससे उनके ऑटोमोबाइल जैसे सामान अमेरिकी बाजार में कम प्रतिस्पर्धी हो गये।

जवाबी कार्रवाई में, केनेडा ने सोयाबीन, डेयरी उत्पाद, केचप, व्हिस्की और गद्दे जैसे उत्पादों सहित 12अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के अमेरिकी सामानों पर टैरिफ लगाया, जिससे केनेडाई निर्यात पर निर्भर अमेरिकी कंपनियों की लागत बढ़ गयी। केनेडा अमेरिकी ईवी निर्माता टेस्ला पर 100 प्रतिशत कर लगाने पर सक्रिय रूप से विचार कर रहा है। देश अमेरिकी ग्राहकों को बिजली पर अधिभार लगाने की भी योजना बना रहा है। चीनी और केनेडाई निर्मित ऑटोमोबाइल घटकों पर टैरिफ लगाने के ट्रम्प के फैसले से अन्य अमेरिकी कार निर्माता भी प्रभावित हो रहे हैं। इसी तरह, मेक्सिको को भी महत्वपूर्ण व्यापार व्यवधानों का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ ने मैक्सिकन उद्योगों को प्रभावित किया, जो इन कच्चे माल के अमेरिकी निर्यात पर निर्भर हैं।

दूसरी ओर, चीन ने रणनीतिक रूप से अपने उत्पादन आधार को मेक्सिको में स्थानांतरित कर दिया, जिससे उन पर लगाये गये टैरिफ के शुरुआती प्रभाव को प्रभावी ढंग से कम किया जा सका। चीन ने ट्रम्प 1.0 से अपने सबक सीखे। इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और उपभोक्ता उत्पादों सहित उद्योगों में सैकड़ों अरबों डॉलर के चीनी निर्यात पर 2018 में लगाये गये अमेरिकी टैरिफ से चीन बुरी तरह प्रभावित हुआ था।

बदले में, चीन ने सोयाबीन, मांस और मुर्गी, कार और रसायनों जैसे अमेरिकी सामानों पर टैरिफ लगाकर जवाबी कार्रवाई की। इसके बजाय, वे अब अपने अधिकांश सूअर के मांस को स्पेन, जर्मनी और फ्रांस से खरीदते हैं, और ब्राजील और वेनेजुएला से सोयाबीन और कॉफी जैसी कृषि वस्तुओं की खरीद करते हैं। 2018 में अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बढ़ने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह से बाधित हुई, खास तौर पर इन दोनों देशों से जुड़ी आपूर्ति श्रृंखला। तब से, चीन ने अपने उत्पादन आधार को रणनीतिक रूप से बदलना शुरू कर दिया। चीन ने अमेरिका पर अपनी व्यापार निर्भरता को सफलतापूर्वक कम कर दिया है। कुल अमेरिकी व्यापार में चीन की हिस्सेदारी- जिसे निर्यात और आयात के योग के रूप में मापा जाता है- 2018 में 15.7 प्रतिशत से घटकर 2024 में 10.9 प्रतिशत हो गयी। इसी अवधि में चीन के कुल व्यापार में अमेरिका की हिस्सेदारी 13.7 प्रतिशत से घटकर 11.2 प्रतिशत हो गयी। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने चीन पर अपने स्टील उत्पादों को मैक्सिकन के रूप में फिर से भेजने का आरोप लगाया, ताकि अवैध रूप से अमेरिकी बाजार में प्रवेश किया जा सके। 2023 में मैक्सिकन वस्तुओं का कुल अमेरिकी आयात .475अरब था, जो 2022 के आंकड़े से लगभग .20अरब अधिक है। 2023 में चीन से अमेरिका द्वारा आयातित वस्तुओं की कुल मात्रा 427अरब अमेरिकी डॉलर थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर कम है।

कुल परिणाम: कम से कम 30 चीनी फर्म वर्तमान में मेक्सिको से काम कर रही हैं, जिनमें बीवाईडी और चेरी इंटरनेशनल जैसी चीनी ऑटोमोबाइल प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। चीन ने पिछले कुछ वर्षों में मेक्सिको में 30 प्रतिशत अधिक एपडीआईडाला है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि चीनी अधिक आक्रामक हैं, खुले तौर पर कह रहे हैं कि वे व्यापार युद्ध में शामिल होने से डरते नहीं हैं। भारत के लिए, अमेरिका पर व्यापार निर्भरता केनेडा और मेक्सिको की अमेरिका के साथ व्यापार निर्भरता के स्तर की तुलना में उतनी अधिक नहीं है। अमेरिका को भारत द्वारा किये जाने वाले मुख्य निर्यात में परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद, रत्न और आभूषण, परिधान और वस्त्र, इंजीनियरिंग सामान और दवा उत्पाद शामिल हैं। इनमें से, ट्रम्प ने दवाइयों की वस्तुओं पर टैरिफ लगाने का उल्लेख किया, जो अंततः उल्टा पड़ सकता है क्योंकि इससे अमेरिका में दवा की लागत बढ़ जायेगी। इस बार ट्रम्प का टैरिफ काम नहीं कर रहा है, इसके स्पष्ट संकेत हैं। नवीनतम अमेरिकी आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी में 4 प्रतिशत से फरवरी 2025 में अमेरिका में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.1 प्रतिशत हो गयी। इस वृद्धि का श्रेय व्यापार नीतियों में अनिश्चितता और संघीय सरकार के व्यय में भारी कटौती को दिया जा सकता है।

वॉल स्ट्रीट तब से क्रैश हो गयी है। केनेडा अपने कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस चीन और यूरोपीय संघ को बेचने की उम्मीद कर रहा है, जो मूल रूप से अमेरिका के लिए निर्धारित था। मेक्सिको भी अमेरिकी रिफाइनरियों को भेजे जाने वाले कच्चे तेल की कीमतों पर अंकुश लगाने पर विचार कर रहा है। डील के विपरीत, केनेडा को यूरोपीय संघ और चीन से दुर्लभ खनिज सामग्री मिलेगी। अमेरिकी टैरिफ नीति अंततः आर्थिक अलगाव की ओर ले जा सकती है और समय के साथ रणनीतिक खतरों के खत्म होने के बाद टैरिफ पर अंतिम विराम भी लग सकता है।

हास्य-व्यंग्य

आलोक पुराणिक

अगले जन्म में हेमा मालिनी...

इधर बहुत डर लग रहा है कहीं मेरी ईमेल का डाटा लीक ना हो जाये। ईमेल में ऐसे ऐसे आईटम हैं, जो कोई देख ले, पता नहीं क्या इमेज बनेगी मेरी। नाइजीरियन प्रिंस की कोई 58 ईमेल पड़ी हैं, जिनमें कहा गया है कि पचास करोड़ रुपये आपके हैं ले जाइये। नाइजीरिया के प्रिंस ने सिर्फ आपके ही लिये निकाल कर रखे हैं, पर पचास करोड़ लेने के लिए पचास हजार रुपये इस खाते में ट्रांसफर करवा दीजिये।

ये मेल किसी को दिख जाये, तो लोग क्या सोचेंगे कि आलोक जितना मूर्ख चेहरे से दिखता है, सच में उससे ज्यादा बड़ा मूर्ख है। बताओ कैसे कैसे बेवकूफ बनानेवाले मेल इसके पास आते हैं। अक्लमंदों की इस दुनिया में मूर्खों की तलाश बहुत मुश्किल काम है। कैसे तलाशे जाते हैं मूर्ख। जी फेसबुक से, फेसबुक मूर्खों का अभयारण्य है। फेसबुक पर संदेश आता है कि अगले जन्म में आप क्या बनोगे। यह पता करने के लिये यहां बटन दबायें। इसे क्लिक करें। तीन क्लिकों में आपका सारा डाटा इस सवाल का जवाब देनेवाले एप्लीकेशन के पास पहुंच जाता है। फिर जवाब आता है अगले जन्म में आप हेमा मालिनी बनेंगे। इस जन्म में कायदे से आलोक पुराणिक ना बन पा रहे हैं, अगले जन्म में हेमा मालिनी बन जायेंगे। इस जवाब को हासिल करने का जो बहुत खुशी खुशी इंतजार करे, वह वैसा वाला मूर्ख ही है, जिसे नाइजीरियन प्रिंस पचास करोड़ का आफर कर सकता है।

ईमेल में बहुत बहुत डरावने आइटम हैं।

एक बार सेक्स पावर बढ़ानेवाला दवाओं पर एक लेख लिखने के लिए मैंने इस तरह की दवाओं पर गहरा शोध किया था। गूगल ने समझ लिया कि आलोक पुराणिक वैसी वाली दवाओं की नियमित दिलचस्पी रखते हैं। गूगल आप पर वैसी ही नजर रखता है, जैसी आपकी मां की नजर रहती है। गहरी -पैनी नजर है गूगल की आप जो करते हैं, गूगल पर, वह गूगल की स्मृति में दर्ज हो जाता है। एक बार सेक्स पावर बढ़ाने की दवा तलाश ली, तो रोज ही पचास सौ आफर पावर बढ़वाने के आते हैं। मेरी ईमेल कोई चेक कर ले तो गलतफहमी हो सकती है कि इतनी पावर बढ़ाकर कोई करेगा क्या।

एक बैंक रोज चार मेल भेजता है आप बहुत सम्मानित कस्टमर हैं। अगर हमारे बैंक के कस्टमर बन जायेंगे, तो और बहुत सम्मानित हो जायेंगे। मतलब बंदा अपना सिर धुने कि हमारा सारा सम्मान किसी बैंक का कस्टमर होने भर पर निर्भर है। तो हम वाकई में कर क्या कर रहे हैं। जी कुछ नहीं कर रहे हैं, कुछ करते हुए माने भी नहीं जायेंगे, जब तक आप इस बैंक के खाताधारक ना बन जायेंगे। सम्मान की गारंटी सिर्फ तब ही मिल सकती है जब आप इस बैंक के कस्टमर बनें।

एकाना में मुंबई इंडियंस मारेगी बाजी या लखनऊ मचाएगी तूफान

दिल्ली। आईपीएल 2025 का 16वां मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच शुक्रवार 4 मार्च को खेला जाएगा। ये मुकाबला लखनऊ के इकान क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7.30 बजे खेला जाएगा।

वहीं अंक तालिका में मुंबई इंडियंस दो अंकों के साथ पांचवें पायदान पर है जबकि लखनऊ तीन में से एक मैच जीतकर दो अंकों के साथ नेट रन रेट थोड़ा कम होने के कारण छठे नंबर पर है। ऐसे में ये मैच जीतना दोनों ही टीमों के लिए बेहद अहम है।

आईपीए में लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो दोनों टीमों का अब तक 6 बार आमना-सामना हुआ है। इनमें से 5 मैचों में एलएसजी ने बाजी मारी है तो मुंबई इंडियंस के खाते में सिर्फ एक जीत आई है। इस तरह आंकड़ों में अभी तक लखनऊ का पलड़ा कुछ ज्यादा ही भारी नजर आ रहा है।

वहीं लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम की पिच लाल मिट्टी पर बनी हुई है। जो गति और उछाल के लिए जानी जाती है। हालांकि, यहां कि पिच पर घास की समान परत होती है।

यहां हाई स्कोरिंग मुकाबले होते हैं लेकिन यहां कि बाउंड्री काफी लंबी है। इससे गेंदबाजों को राहत मिलती है। तेज गेंदबाजों को इस पिच पर मदद नहीं मिलती है लेकिन स्पिनर्स यहां कारगर साबित होते हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स में मिशेल मार्श, एडेन मार्कराम, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत, आयुष बदोनी, डेविड मिलर, अब्दुल समद, दिग्वेश सिंह राठी, शार्दुल ठाकुर, अवेश खान, रवि बिश्नोई।

मुंबई इंडियंस में रयान रिकेल्टन, विल जैक्स, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, अश्विनी कुमार, विग्नेश पुथुर।

कोलकाता ने हैदराबाद को 80 रन से दी मात

वेंकटेश अय्यर, अंगकृष रघुवंशी और रिंकू सिंह की बेहतरीन पारी

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने बेहतरीन खेल के दम पर गुरुवार को आईपीएल 2025 के 15वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को अपने घर ईडन गार्डन्स में 80 रनों से रौंद दिया। वेंकटेश अय्यर, अंगकृष रघुवंशी और रिंकू सिंह की बेहतरीन पारियों के दम पर केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 200 रन बनाए। जिसके जवाब में हैदराबाद का तूफानी बल्लेबाजी ऑर्डर ध्वस्त हो गया और 16.4 ओवरों में 120 रनों पर ही ढेर हो गया।

हालांकि एक समय ऐसा भी था जब कोलकाता का 150 रनों का स्कोर भी मुश्किल लग रहा था लेकिन आखिरी के पांच ओवरों में 78 रन बना ये टीम मजबूत स्कोर तक पहुंची। इसमें वेंकटेश अय्यर के 29 गेंदों पर सात चौके और तीन छक्कों की मदद से 60 रनों की पारी का आहम रोल रहा। वहीं रिंकू सिंह ने 17 गेंदों में 32 रन की अहम पारी खेली। जबकि अंगकृष रघुवंशी ने 32 गेंदों पर पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 50 रन बनाए।

ये हैदराबाद की इस सीजन लगातार तीसरी हार है। इससे पहले उससे दिल्ली कैपिटल्स ने 30 मार्च को हराया था। 27 मार्च को लखनऊ सुपर जायंट्स ने उसे हैदराबाद में ही हराया था। केकेआर के खिलाफ टीम को जो हार झेलनी को मिली

वो हैदराबाद की आईपीएल की सबसे बड़ी हार है।

फिलहाल 201 रनों का पीछा करने उतरी एसआरएच की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ईशान किशन की पारी पर वैभव ने ब्रेक लगा दिया। तो बाएं हाथ का ये बल्लेबाज दो रनों से आगे नहीं बढ़ पाया। नीतीश कुमार रेड्डी भी 19 रनों से आगे अपनी पारी नहीं ले जा सके। कामिंदू मेंडिस को नरेन ने आउट कर हैदराबाद को पांचवां झटका दिया। अनिकेत वर्मा भी इस मैच में कोई कमाल नहीं कर सके। वह वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर आउट हो गए और उनके खाते में 6 रन आए।

हेनरिक क्लासेन अकेले दम लगा रहे थे, लेकिन वह भी लंबी पारी नहीं खेल पाए और वैभव के शिकार बने। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 21 गेंदों में 33 रन बनाए जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल रहे। कप्तान पैट कमिंस 15 गेंदों पर 14 रन बनाकर वरुण का शिकार हो गए।

अयोध्या पहुंचकर मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों ने किए रामलला के दर्शन

खिलाड़ियों की पत्नियां भी थीं साथ

अयोध्या। आईपीएल की पांच बार की विजेता टीम मुंबई इंडियंस का अगला मुकाबला शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। जिसके लिए टीम लखनऊ पहुंच चुकी है। इसी दौरान टीम के कुछ खिलाड़ी गुरुवार को अयोध्या पहुंचे जहां उन्होंने राम लला के दर्शन किए। खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर मंदिर के दर्शन करने के बाद की तस्वीरें शेयर की हैं। मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आईपीएल में ये चौथा मुकाबला खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए टीम बुधवार को लखनऊ पहुंच गई थी। तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, दीपक चाहर और कर्ण शर्मा जैसे मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों ने शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल 2025 के

मुकाबले से पहले अयोध्या राम मंदिर का दौरा किया। उनके साथ सूर्यकुमार की पत्नी देविश शेट्टी और चाहर की पत्नी जया भी थीं। मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने एक्स पर खिलाड़ियों और उनके परिवार की तस्वीरें शेयर की है। सूर्यकुमार यादव ने इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी के साथ की तस्वीर शेयर की। जय भगवान राम। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार ने आईपीएल 2025 के तीसरे मैच में मुंबई इडियंस के लिए कप्तानी की थी। इस दौरान टीम को चेन्नई के खिलाफ हार झेलनी पड़ी।

सारा तेंदुलकर ने ग्लोबल ई-क्रिकेट प्रीमियर लीग में खरीदी मुंबई की टीम

मुंबई। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदलुकर की बेटी सारा तेंदुलकर भी अब क्रिकेट में कूद गई हैं। दरअसल, सारा ने ग्लोबल ई- क्रिकेट प्रीमियर लीग में मुंबई फ्रेंचाइजी खरीदी है। जीईपीएल ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके फैंस को इसके बारे में बताया। ई-क्रिकेट लीग की दुनिया में ग्लोबल ई-क्रिकेट प्रीमियर लीग सबसे बड़ी लीग में से एक है। पहले ही सीजन में ग्लोबल ई-क्रिकेट प्रीमियर लीग ने काफी सुर्खियां बटोरी थी।

ग्लोबल ई-क्रिकेट प्रीमियर लीग के पहले सीजन में 2 लाख खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था लेकिन जीईपीएल 2025 में कुल 910000 खिलाड़ियों के अपना नाम दर्ज करवाया है। जीईपीएल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि सारा तेंदुलकर ने ग्लोबल ई क्रिकेट प्रीमियर लीग में मुंबई फ्रेंचाइजी को खरीदा है। मुंबई की मालकिन बनने के बाद सारा तेंदुलकर ने कहा कि, क्रिकेट हमारे परिवार का अभिन्न अंग रहा है। ई-स्पोर्ट्स में इसकी संभावनाओं को तलाशना रोमांचकारी है। जीईपीएलने में मुंबई फ्रेंचाइजी की मालकिन होना एक सपना सच होने जैसा है। मैं हमारी प्रतिभासाली टीम के साथ मिलकर एक ऐसी ई स्पोर्ट्स फ्रेंचाइजी बनाने के लिए उत्सुक हूं जो प्रेरित करे और मनोरंजन करे।

चंडीगढ़ में राजस्थान-पंजाब ने प्रैक्टिस की

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन में 5 अप्रैल को पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्थित न्यू पीसीए स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। इसके लिए दोनों टीमों ने गुरुवार को शाम 5 बजे से लेकर 7 बजे तक प्रैक्टिस की। इस दौरान पंजाब किंग्स के युजवेंद्र चहल और राजस्थान रॉयल्स के ध्रुव जुरेल एक दूसरे से गले मिलते हुए नजर आए। वहीं प्रैक्टिस के बाद होटल में जाते वक्त अर्शदीप ने भांगड़ा भी किया।बुधवार को दोनों टीमें चंडीगढ़ पहुंची थीं। खिलाड़ियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। पिछले मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हराया था। पंजाब किंग्स ने अभी तक 2 मैच खेले हैं और दोनों में ही टीम को जीत हासिल की है। इस मुकाबले को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। स्टेडियम को दर्शकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह तैयार किया गया है।

इस मुकाबले के लिए सभी टिकट बिक चुके हैं। टिकटों की ऑनलाइन बिक्री 9 मार्च से शुरू की गई थी, जो कुछ ही दिनों में पूरी हो गई। टिकट की कीमतें 1250 रुपए (अपर टियर), 1750 रुपए (जनरल टेरेस ब्लॉक) और 6500 रुपए (हॉस्पिटैलिटी लॉन्ज) थीं। मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम पंजाब किंग्स का होम ग्राउंड है। टीम यहां कुल चार मुकाबले खेलेगी, जबकि कुछ मैच धर्मशाला स्टेडियम में होंगे। आईपीएल के शुरू होने से पहले पंजाब किंग्स ने इसी स्टेडियम में अपना अभ्यास शिविर लगाया था। आईपीएल के इतिहास की बात करें तो आरआर का पलड़ा पंजाब किंग्स पर भारी रहा है। अब तक दोनों टीमों के बीच 28 मुकाबले हुए हैं, जिसमें राजस्थान ने 16 बार जीत हासिल की है, जबकि पंजाब को 11 मैचों में ही जीत मिल पाई है। एक मुकाबला टाई रहा है।

मोहसिन नकवी एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन बने

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियन क्रिकेट काउंसिल के नए चेयरमैन बनाए गए हैं। नकवी श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा की जगह लेंगे। नकवी 2 साल के लिए इस पद पर बने रहेंगे।

गुरुवार को एसीसी की ऑनलाइन एनुअल मीटिंग हुई। जिसके बाद लीडरशिप में बदलाव के बारे में बताया गया। इसी साल टी-20 एशिया कप भी सितंबर में होना है।

गुरुवार को मीटिंग के बाद ऑफिशियल स्टेटमेंट रिलीज कर कहा, पाकिस्तान ने श्रीलंका को पछाड़ कर प्रेसिडेंट पद संभाल लिया है। पाकिस्तान अब एशिया में क्रिकेट को बढ़ाने के लिए काम करेगा।

पाकिस्तान के साथ से एशिया में क्रिकेट को नई दिशा में पहुंचाने की कोशिश होगी।मोहसिन नकवी के सामने चेयरमैन के रूप में पहला बड़ा चैलेंज इस साल का मेंस एशिया कप होगा। टूर्नामेंट भारत की मेजबानी में सितंबर में होना था।

अर्थ ज्योति

व्यापक टैरिफ से मांग पर खतरा होने के कारण वैश्विक तेल की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन और यूरोपीय संघ सहित प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर कड़े टैरिफ लगाने के बाद तेल की कीमतों में गिरावट आई है। इससे ट्रेड बार के बढ़ने की संभावना हो गई है। अब वैश्विक मांग का खतरा पैदा हो गया है। बाजार में गिरावट के कारण वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट का भाव 3.3त्न गिरकर 69.38 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

शुल्कों की यह नवीनतम बौछार वैश्विक आर्थिक प्रणाली पर ट्रम्प का अब तक का सबसे बड़ा हमला है, जिसे वे लंबे समय से अनुचित बताते रहे हैं, तथा यह कनाडा, मैक्सिको और चीन सहित देशों के खिलाफ पहले के दौर के शुल्कों के बाद आया है। ट्रम्प ने कहा कि वह अमेरिका के सभी निर्यातकों पर न्यूनतम 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे और अमेरिका के साथ सबसे अधिक व्यापार असंतुलन वाले लगभग 60 देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाएंगे, हालांकि कनाडा और मैक्सिको - जो मध्य-पश्चिम और खाड़ी तट के रिफाइनरों के लिए कच्चे तेल के प्रमुख स्रोत हैं - फिलहाल शुल्क के अधीन नहीं होंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि तेल, प्राकृतिक गैस और ऊर्जा उत्पाद छूट प्राप्त वस्तुओं में शामिल हैं, जिससे ईंधन बाजार को इन उपायों के प्रभाव से बचाया जा सके। चीन पर मौजूदा करों के अतिरिक्त 34 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया, जबकि यूरोपीय संघ पर 20त्न शुल्क लगाया गया। आधारभूत आयात दरें शनिवार मध्य रात्रि के बाद प्रभावी होंगी तथा उच्च शुल्क 9 अप्रैल से लागू होंगे। वेस्टपैक बैंकिंग कॉर्पोरेशन के कमोडिटी और कार्बन रिसर्च प्रमुख रॉबर्ट रेनी ने कहा कि चीनी निर्यात पर संयुक्त 54 प्रतिशत टैरिफ क्रूर है। 29 प्रतिशत की समग्र भारित औसत टैरिफ दरों के शुरुआती अनुमानों को विकास के लिए नकारात्मक नहीं माना जा सकता है, और इसलिए आने वाले महीनों में कच्चे तेल की मांग की उम्मीदों के लिए यह बुरा है। यह कदम ट्रम्प के महीनों पुराने वादों को पूरा करता है, जिन्होंने टैरिफ को अमेरिकी शक्ति को स्थापित करने, व्यापार संबंधों को पुन: संतुलित करने, अमेरिकी विनिर्माण को पुनर्जीवित करने और भू-राजनीतिक रियायतें प्राप्त करने के लिए एक उपकरण के रूप में अपनाया है। ट्रम्प के नीतिगत बदलावों, टैरिफ और प्रतिबंधों की बाढ़ से कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई है।

आयात पर नवीनतम शुल्क रूस और ईरान पर अमेरिका द्वारा लगाए गए कड़े प्रतिबंधों के साथ-साथ ओपेक द्वारा कोटा स्तर से अधिक उत्पादन करने वाले सदस्यों पर लगाम लगाने से उत्पन्न उत्साह के अनुरूप है।

स्टार्टअप महाकुंभ की हुई शुरुआत

नई दिल्ली। स्टार्टअप महाकुंभ 2025 की शुरुआत तीन अप्रैल 2025 से हो गई है। इस स्टार्टअप महाकुंभ का आयोजन पांच अप्रैल तक किया जाना है। नई दिल्ली में आयोजित हो रहे स्टार्टअप महाकुंभ में 50 से अधिक देशों के 3,000 से अधिक स्टार्टअप और 1,000 निवेशक हिस्सा लेंगे। ये बेहद खास होने वाला है क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में स्टार्टअप और निवेशक एक छत के नीचे होंगे। इस स्टार्टअप महाकुंभ के कुछ मुख्य आकर्षणों में स्टार्टअप महारथी चैलेंज, थीम-आधारित मंडप, मास्टरक्लास, निवेशक गोलमेज सम्मेलन और नेटवर्किंग अवसर शामिल हैं।इस स्टार्टअप महाकुंभ के जरिए नए विचारों को प्रस्तुत करने, पूंजी निवेश, वैश्विक स्तर पर जाने और उद्योग जगत के शीर्ष प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ नेटवर्क बनाने का मौका मिलेगा। तीन दिनों के इस आयोजन के दौरान स्टार्टअप महारथी चैलेंज नाम की प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें एआई, फिनटेक, हेल्थटेक, एग्रीटेक और डीपटेक जैसे क्षेत्रों में भारत के शुरुआती से लेकर विकास-चरण वाले शीर्ष स्टार्टअप शामिल होंगे। इस महाकुंभ में विजेताओं को डीपीआईआईटी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि मिलेगी। वहीं उद्योग जगत के दिग्गजों से मार्गदर्शन भी हासिल होगा। विजेताओं को 30 करोड़ रुपये की निधि भी दी जा सकती है, जिसमें टॉप स्टार्टअप के लिए 5 लाख रुपये तक का अनुदान भी शामिल है।

कैसे बनाएं और कब पिएं डिटॉक्स वाटर

जानें इसके फायदे...



आजकल लोग सेहत को लेकर ज्यादा सतर्क हो गए हैं। शरीर को अंदर से साफ और तंदुरुस्त रखने के लिए डिटॉक्स वॉटर बहुत फायदेमंद होता है। यह शरीर से गंदगी (टॉक्सिन्स) को निकालने में मदद करता है, जिससे पाचन अच्छा रहता है और त्वचा भी चमकती है। आइए जानें, डिटॉक्स वॉटर कैसे बनता है, कब पीना चाहिए और इसके क्या फायदे हैं।

डिटॉक्स वॉटर कैसे बनाएं?

इसे बनाना बहुत आसान है। बस नीचे दिए जा रहे कुछ आसान स्टेप्स फॉलो करना होगा।

जरूरी चीजें लें ङ्क खीरा, नींबू, पुदीना, संतरा, अदरक या दालचीनी जैसी चीजें लें।

पानी में मिलाएं ङ्क एक जार में पानी लें और इसमें कटे हुए फल और दालचीनी या अन्य जरूरी चीजें डालें।

रख दें ङ्क इसे 4-5 घंटे या रातभर फ्रिज में रखें ताकि सारे पोषक तत्व पानी में अच्छे से मिल जाएं। पीने के लिए तैयार ङ्क इसे सुबह खाली पेट या दिनभर थोड़ा-थोड़ा पी सकते हैं।

डिटॉक्स वॉटर पीने का सही समय?

सुबह खाली पेट ङ्क शरीर से गंदगी निकालने और पेट ठीक रखने के लिए।

व्यायाम के बाद ङ्क पानी की कमी पूरी करने और थकान दूर करने के लिए।

खाने से पहले ङ्क पाचन को अच्छा रखने में मदद करता है।

रात में सोने से पहले ङ्क शरीर को अंदर से साफ करता है और आराम देता है।

डिटॉक्स वॉटर के फायदे?

वजन कम करने में मदद करता है ङ्क यह चर्बी घटाने और पाचन को सुधारने में सहायक होता है।

पेट को दुरुस्त रखता है ङ्क कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याओं में राहत देता है। त्वचा चमकदार बनाता है ङ्क शरीर से गंदगी निकालकर चेहरे को साफ और चमकदार बनाता है।

रोगों से बचाव करता है ङ्क इसमें मौजूद नींबू, अदरक और तुलसी शरीर की रोगों से लड़ने की ताकत बढ़ाते हैं।

शरीर को हाइड्रेट रखता है ङ्क दिनभर तरोताजा और ऊर्जावान बनाए रखता है।

गर्मी में खाते रहें ये फल

शरीर में पानी की कमी नहीं हो सकती

गर्मियों का मौसम आ चुका है और सूरज की तेज धूप भी बढ़ने लगी है, ऐसे में शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इसके कारण थकावट, कमजोरी, चक्कर आना, सिर का घूमना और पेट में जलन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन अगर आप गर्मियों में कुछ विशेष फलों का सेवन करेंगे, तो चाहे पसीना कितना भी निकले, शरीर में पानी की कमी नहीं होगी।

तरबूज

गर्मियों में तरबूज को सबसे ज्यादा खाया जाता है क्योंकि तरबूज में लगभग 90त्न पानी होता है, जो शरीर को हाइड्रेट रखता है। यह प्यास बुझाने के साथ-साथ शरीर को ठंडा करता है और गर्मी के कारण होने वाली थकान, लू जैसी समस्या को कम करता है।

अमरूद

गर्मी में अमरूद खाना बहुत फायदेमंद होता है। यह न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। अमरूद में विटामिन ष्ट की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर को ताजगी देता है और इम्यून सिस्टम को बेहतर करता है।

नारियल पानी

गर्मियों में नारियल पानी पीना फायदेमंद होता है। यह एक प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक है, जो शरीर को ठंडा रखने के साथ-साथ पानी की कमी को भी पूरा करता है। आवश्यक पोषक तत्व होते हैं जो शरीर के लिए बेहद लाभकारी होते हैं।

आम

आम को फलों का राजा कहा जाता है और यह गर्मियों में लोगों की पहली पसंद बन जाता है। यह शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ इसमें विटामिन ष्ट और फाइबर होता है, जो गर्मी में शरीर को ठंडा रखते हैं और पाचन क्रिया को भी बेहतर बनाते हैं।

संतरा

संतरे में विटामिन C की भरपूर मात्रा होती है और इसमें अच्छी मात्रा में पानी होता है। यह शरीर को हाइड्रेट करने के साथ-साथ इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है।

पपीता

पपीता गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट तो रखता है, लेकिन पपीता पेट के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है। यह पेट की गर्मी नहीं बढ़ने देता, पाचन सही रखता है और त्वचा के लिए भी लाभकारी है।

अनानास

यह एक ऐसा फल है जो स्किन, बॉडी, हेयर और पाचन क्रिया के लिए फायदेमंद होता है क्योंकि अनानास में पानी की मात्रा के साथ ब्रोमेलेन नामक एंजाइम होता है।

स्ट्रॉबेरी

स्ट्रॉबेरी में पानी की उच्च मात्रा होती है और यह एंटीऑक्सिडेंट्स का भी अच्छा स्रोत है। यह त्वचा को चमकदार बनाता है और शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करता है।

खुबानी

खुबानी में भी पानी की अच्छी मात्रा होती है और यह शरीर को ठंडा रखने में मदद करती है। यह विटामिन A और C से भरपूर होती है, जो शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं।

खरबूजा

खरबूजा, तरबूज की तरह मीठा और पानी से भरपूर होता है, जो शरीर को ठंडा रखता है। इसके अंदर डाइयुरेटिक गुण होते हैं, जो Kidneys and Bladder के लिए फायदेमंद होते हैं और शरीर से टॉक्सिन्स निकालने में मदद करते हैं।

बनाएं राजस्थानी स्टाइल बादाम का हलवा, स्वाद ऐसा कि हर कोई कहेगा वाह

अगर आप मीठे के शौकीन हैं और हलवा खाना पसंद करते हैं तो आज हम आपके लिए लेकर आए हैं राजस्थानी स्टाइल बादाम के हलवे की खास रेसिपी। आइए जानते हैं इसे बनाने की सरल रेसिपी के बारे में जिसे खाकर सब करेंगे आपकी तारीफ।

आवश्यक सामग्री

बादाम: 1 कप
घी: 1/2 कप
गेहूं का आटा: 1 चम्मच
दूध: 3/4 कप
चीनी: 3/4 कप
केसर: 1 -2 धागा
इलायची पाउडर: 1/2 चम्मच
बादाम की कतरन: 2 चम्मच

बनाने की विधि

1. बादाम भिगोना

सबसे पहले एक कटोरी में बादाम लेकर 7-8 घंटे के लिए भिगो दें। अगर आप जल्दी बनाना चाहती हैं तो इन्हें हल्के गुनगुने पानी में 1-2 घंटे के लिए भी भिगो सकती हैं। इससे बादाम का छिलका आसानी से उतर जाएगा।

2. पेस्ट बनाएं

भीगे हुए बादाम का छिलका उतारें और इन्हें मिक्सी में दरदरा पीस लें। ध्यान रखें कि इसमें पानी न डालें, ताकि इसका सही टेक्सचर बना रहे।

3. मिश्रण भूनें

एक कड़ाही में घी गर्म करें और उसमें पिसा हुआ बादाम डालें। इसे मध्यम आंच पर 8-10 मिनट तक अच्छी तरह भूनें लें, जब तक हल्की खुशबू न आने लगे। फिर इसमें 1 चम्मच गेहूं का आटा डालें और इसे भी 2-3 मिनट तक भूनें।

4. दूध मिक्स करें

गैस पर एक पैन में दूध और थोड़ा पानी मिलाकर गर्म करें।

जब यह उबल जाए तो इसे भुने हुए बादाम और गेहूं के मिश्रण में धीरे-धीरे डालें। इस दौरान मिश्रण को लगातार चलाते रहें, ताकि कोई गांठ न बने।

5. मीठा डालें और पकाएं

जब दूध और बादाम का मिश्रण गाढ़ा हो जाए तो उसमें चीनी डालें और इसे 1-2 मिनट तक पकाते रहे। गैस बंद करने से पहले इसमें इलायची पाउडर डालकर अच्छी तरह मिक्स करें।

6. गार्निश करें और परोसें

अब राजस्थानी स्टाइल बादाम का हलवे को एक सर्विंग बाउल में निकाल लें और उसके ऊपर बादाम की कतरन और केसर डालें और कुछ देर बाद गरमागरम सर्व करके अपने पुरे परिवार के साथ आनंद लें।

लू से बचने के लिए अपने डाइट में शामिल करें आम पना

__चिलचिलाती धूप__, उमस भरी गर्मी और बेहिसाब पसीना जैसे ही गर्मियों की एंट्री होती है, लू और डिहाइड्रेशन की टेंशन बढ़ जाती है। ऐसे में शरीर को ठंडा और ऊर्जावान बनाए रखने के लिए आम पन्ना एक बेहतरीन देसी उपाय है। खट्टी-मीठी ताजगी और मसालों का जबरदस्त स्वाद गर्मियों की सारी परेशानी मिनटों में दूर कर देता है।

गर्मियों में आम पन्ना की खासियत

गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने और पानी की कमी को दूर करने के लिए आम पन्ना काफी फायदेमंद होता है। यह पेय पेट को ठंडक देता है और पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है। आम पन्ना में एंटीऑक्सीडेंट और इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर में पानी की कमी नहीं होने देते और लू लगने से भी बचाते हैं। इसके अलावा इसका खट्टा-मीठा स्वाद गर्मियों में सबसे खास होता है।

आम पन्ना बनाने के लिए आवश्यक सामग्री

2 कच्चे आम
4 बड़े चम्मच चीनी या गुड़
1 छोटा चम्मच भुना हुआ जीरा पाउडर
आधा छोटा चम्मच काला नमक
आधा छोटा चम्मच सफेद नमक
आधा छोटा चम्मच काली मिर्च पाउडर
8-10 पुदीने की पत्तियां
2-3 गिलास ठंडा पानी

आम पन्ना बनाने की विधि

1. इसे बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने के लिए आप सबसे पहले कच्चा आम लें, जिसे टिकोला भी कहां जाता है। इसके बाद इसे अच्छी तरह धोकर प्रेशर कुकर में 2-3 सीटी लगाकर उबाल लें।

2. ठंडा होने के बाद आमों का छिलका उतारें और गूदा निकाल लें।

3. निकालें हुए गूदे को मिक्सर में डाल लें और उसमें चीनी या गुड़ मिलाकर ब्लेंड करें।

4. अब इसमें भुना हुआ जीरा, काला नमक, सफेद नमक, काली मिर्च पाउडर और पुदीने की पत्तियां डालकर फिर से ब्लेंड करें।

5. तैयार मिश्रण को एक बर्तन में निकालें और ठंडा पानी मिलाकर अच्छी तरह मिक्स कर लें।

6. इस तरह से आम पन्ना कुछ ही समय में बनकर तैयार हो जायेगा। ऊपर से बर्फ के टुकड़े डालें और ठंडा-ठंडा आम पन्ना सर्व करें।

आम पन्ना पीने के फायदे

1. लू से बचाव

गर्मियों में लू से बचने के लिए आम पन्ना सबसे असरदार घरेलू उपाय है। इसमें मौजूद विटामिन ष्ट और इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर को ठंडा रखते हैं और लू लगने से बचाते हैं।

2. डिहाइड्रेशन को दूर करता है

गर्मियों में ज्यादा पसीना आने से शरीर में पानी की कमी हो सकती है। आम पन्ना शरीर में हाइड्रेशन बनाए रखता है और थकान को दूर करता है।

3. पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है

इसमें मौजूद मसाले और पुदीना पेट की जलन, गैस और अपच जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं।

4. एनर्जी बूस्टर

गर्मियों में कमजोरी और थकान से बचने के लिए यह पेय बेहद फायदेमंद है। यह तुरंत ऊर्जा प्रदान करता है और शरीर को ताजगी का एहसास कराता है।

5. हीट स्ट्रोक से बचाने में मददगार

आम पन्ना शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे गर्मी के कारण होने वाली समस्याओं से राहत मिलती है।

श्रीमाधोपुर क्षेत्र का जवान शहीद, आज होगा अंतिम संस्कार

सांध्य ज्योति न्यूज

श्रीमाधोपुर। श्रीमाधोपुर क्षेत्र के ग्राम चुड़ला तन सांवलपुरा तंवरान निवासी आईटीबीपी के जवान रतनलाल देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए । वे उत्तराखंड के पिथौरागढ़ की 14वीं बटालियन आइटीबीपी में तैनात थे, जहां पर बर्फीली पहाड़ियों में ऑक्सीजन की कमी के कारण उनकी वीरगति हो गई। रतनलाल गुर्जर का विवाह 2014 में बलेश देवी से हुआ था उनके तीन बच्चे हैं जिनमें बड़ी बेटी तनु (8 वर्ष) बेटा यश (5 वर्ष)और छोटी बेटी काजू (2वर्ष) की है। प्रशासन के अनुसार जवान रतनलाल का राजकीय सम्मान के साथ शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। जवान की शहादत पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं यूडीएच मंत्री झाबरसिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने बाबा श्याम की चौखट पर टेका माथा, खुशहाली की कामना

सांध्य ज्योति न्यूज

खाटूश्यामजी। कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के दरबार में राजस्थान के ऊर्जा राज्य मंत्री हीरा लाल नागर ने बाबा श्याम के दरबार में पहुंचकर पूजा अर्चना कर बाबा श्याम की चौखट पर शीश झुकाकर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। श्री श्याम मंदिर कमेटी के शिवराज सिंह चौहान ने मंत्री हीरा लाल नागर का श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं व भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ रही। मंत्री नागर के आगमन पर डीवाईएसपी संजय बोथरा व थानाधिकारी पवन कुमार चौबे ने अगवानी की और उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के साथ दर्शन करवाए। प्रशासनिक स्तर पर पुख्ता व्यवस्थाएं की गई थीं। मंत्री हीरा लाल नागर ने मंदिर कमेटी से मंदिर व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की।इस दौरान पत्रकार वार्ता के दौरान मंत्री नागर ने कहा कि बाबा श्याम की नगरी में विद्युत लाइनों को अण्डर ग्राउण्ड करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। आने वाले समय में श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन व्यवस्था मिलेगी वहीं स्वदेश भारत दर्शन योजना के तहत 88 करोड़ रुपए विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत होने पर कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार धार्मिक स्थलों पर विकास कार्य किया जा रहा है, जिससे की आने वाले समय में श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन व्यवस्था हो सके ।

इस दौरान विद्युत विभाग के एसी अरूण जोशी, एक्सईएन जोगेंद्र कुमावत, सहायक अभियंता राकेश महला सहित टीम ने ऊर्जा मंत्री का स्वागत किया और बाबा श्याम की नगरी की विद्युत व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी।

सभापति ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर स्वच्छता ब्रांड अंबेडसर एवं सफाई निरीक्षकों की ली बैठक

शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने को लेकर सफाई निरीक्षकों को दिए निर्देश

सांध्य ज्योति न्यूज

गंगापुर सिटी। गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय में सभापति शिवरतन अग्रवाल ने सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक ली जिसमें सभी स्वच्छता ब्रांड अंबेडसर एवं सफाई निरीक्षकों से विचार विमर्श किया सभी ने अपने अपने विचार रखे। सभापति ने सफाई निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक क्षेत्र के सफाई कर्मियों की ड्यूटी है कि वह अपने-अपने सर्किल क्षेत्र के कचरा डिपों के साथ-साथ गली-मौहल्लों तथा चौराहों की साफ-सफाई पर फोकस करें।उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित सफाई कर्मी अपने सर्किल एरिए के पार्षदगणों से समन्वय स्थापित करें तथा उनसे वार्ड में स्थापित कचरा डिपो तथा जहां पर नियमित साफ-सफाई नहीं हो रही है के बारे में जानकारी ले और शीघ्र ही वहां पर साफ-सफाई करवाए। कचरा ऑटो टीपर में डाले गिला सूखा कचरा अलग अलग संग्रहण करे। इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड अंबेडसर अंजू मालधनी, सरोज गर्ग, गुंजन शर्मा, वर्षा नाटाणी, राहुल गुप्ता, रामभरोसी शर्मा, सफाई निरीक्षक कमलेश कुमार,सफाई निरीक्षक नवीन धामोनिया, जमादार बबलू,विकास हुपर, पप्पू, केशव, हउआ आदि उपस्थित रहे।

सांध्य ज्योति दर्पण के संस्करण कार्यालय

अलवर कार्यालय
केडलगंज, अलवर,
संपादक सीपी सैनी
फोन : 2335105,

नागौर कार्यालय
राजकीय अस्पताल के सामने, नागौर
सम्पादक : रमेश जैन,
फोन : 240071,
फैक्स- 01582-240071

भरतपुर कार्यालय
कोतवाली रोड, भरतपुर
संपादक : जगदीश अग्रवाल,
फोन : 223780

सूचना

जयपुर के आसपास के क्षेत्र में समाचार पत्र प्राप्त करने के लिए एजेंट/ एजेंसी संपर्क करें।
पदमाकर शर्मा
मो. 9462779250, 8875007955

आपके क्षेत्र की समस्या या कोई घटना जिससे जनता प्रभावित हो रही हो ऐसे समाचार आप छपवाना चाहते हैं तो निम्न पते पर भिजवायें या फैक्स, ईमेल करें।

सम्पादकीय शाखा
दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण
डी.एल.टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम, संस्थानिक क्षेत्र,
जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
फोन: 2709102/03,
फैक्स: 2709275
ईमेल: sjdjp01@yahoo.co.in
Jyoti.sandhya@gmail.com

आवश्यक सूचना

आप अपने क्षेत्र के समाचार / विज्ञापन के लिए हमारे क्षेत्रीय प्रतिनिधि से सम्पर्क करें :

जयपुर
अमित पारीक
10/75, चित्रकूट,
वैशाली नगर, जयपुर
मो.- 9829055693

उदयपुर
कलाधर शर्मा
मो. : 9983826983

दौसा
द्वारका प्रसाद विजय
मो.: 9414819681

कोटा
योगेन्द्र योगी
मो. : 9887292174

चौमूं
मनीष यादव
मो. : 9667902742, 7014880612

रींगस/ खाटूश्यामजी
विद्याधर शर्मा
मो. : 9413072455

कोटपुतली
मयंक शर्मा
मो. : 9352106400

लक्ष्मणगढ़
पूनम विशाल
मो. : 9351274354

मण्डावर (दौसा)
राहुल जोशी
मो. : 8561935868

चाकसू
रूपनारायण सांवरिया
मो. : 6376888905

धौलपुर
वेदप्रकाश त्यागी
मो. : 9351845611

महात्मा गांधी कॉलेज के नरेंद्र को मिली पीएचडी की उपाधि

सांध्य ज्योति न्यूज

श्रीमाधोपुर। शहर के महात्मा गांधी पीजी कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी नरेंद्र सिंह लील निवासी गढ़ भोपजी को भौतिक शास्त्र विषय में पीएचडी उपाधि प्राप्त हुई है। महाविद्यालय प्रवक्ता राकेश शर्मा ने बताया कि नरेंद्र ने अपनी स्नातक उपाधि विज्ञान संकाय से इसी महाविद्यालय से उत्तीर्ण की थी। नरेंद्र ने बताया की उन्होंने अपना शोध कार्य कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में पूर्ण किया। उन्होंने मटेरियल साइंस मे कोर्रिलेशन ऑफ़ डिफेक्ट विथ वेरियस प्रॉपर्टीज ऑफ़ 4 एफ - केटाइन एंड बाइनरी डोपिंग विथ 3डी - केटाइन इन सीरियम ऑक्साइड नैनो पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। इन्होंने अपने शोध कार्य में सुपर कैपेसिटर तथा लाइट एलईडी के लिए आवश्यक उत्कृष्ट पदार्थों पर विभिन्न विशेषताओं पर अध्ययन किया।

उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. सौरभ दलेला (एसोसिएट प्रोफेसर एंड एचओडी - डिपार्टमेंट ऑफ़ प्योर एंड एप्लाइड फिजिक्स) यूनिवर्सिटी ऑफ़ कोटा (राजस्थान) के निर्देशन में पूरा किया। अब तक 18 पेपर इंटरनेशनल जर्नल में पब्लिश हो चुके है। दिल्ली इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 2023 में बेस्ट पोस्टर अवार्ड प्राप्त किया था। इनको रिसर्च कार्य में जूनियर रिसर्च फैलोशिप (JRF) मिलती थी।

ह्यशोध कार्य पूर्ण होने और निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी, उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार विरेन्द्र यादव, सुशीला देवी, मांगीलाल कुमावत, कैलाश बिजारणिया, व्याख्याताओं, समस्त स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

बाबा श्याम के दरबार में 11 किलो चांदी की चौकी अर्पित

सांध्य ज्योति न्यूज

खाटूश्यामजी। कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के दरबार में श्रद्धालुओं की आस्था दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।

हाल ही में बीकानेर के श्रद्धालु कमल दीप ने अपने परिवार सहित बाबा श्याम के चरणों में 11 किलोग्राम चांदी की चौकी अर्पित की। श्रद्धालु कमल दीप ने बताया कि उनकी एक बड़ी मन्नत पूरी होने पर उन्होंने यह भव्य चौकी चढ़ाई है। उन्होंने बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई और परिवार सहित पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। बाबा श्याम के मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं और अपनी श्रद्धा के अनुसार भेंट अर्पित करते हैं। इसी क्रम में कमल दीप द्वारा चढ़ाई गई चांदी की चौकी चर्चा का विषय बनी हुई है। बाबा श्याम के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास की यह अनूठी मिसाल है।

सिन्धी कॉलोनी में प्याऊ का हुआ शुभारम्भ

सांध्य ज्योति न्यूज

गंगापुर सिटी। भीषण गर्मी में पेयजल के लिए परेशान यात्रियों के लिए सिन्धी कॉलोनी में जनसहयोग से प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इससे राहगीरों यात्रियों के लिए पानी की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। प्याऊ का शुभारंभ डॉ.जी.बी सिंह पूर्व पीएमओ, राजकीय चिकित्सालय, गंगापुर सिटी एवं समाजसेवी एवं पार्षद कृष्ण कुमार गोयल, कुबेर मेडिकल द्वारा किया गया। इस अवसर पर आकाश गुप्ता, लखन लाल गर्ग अरुण मेडिकोज, सुनील गुप्ता सुनील हार्डवेयर, चीनू जगदम्बा फर्नीचर सहित अन्य कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

मानासी गांव को नगरपालिका क्षेत्र में शामिल करने का विरोध

सांध्य ज्योति न्यूज

लक्ष्मणगढ़। उपखंड क्षेत्र के मानासी ग्राम पंचायत के सार्वजनिक मंच पर ग्रामीणों की ओर से मानासी ग्राम पंचायत को लक्ष्मणगढ़ नगरपालिका में विलय करने के विरोध में बड़ी मीटिंग बुलाई गई जिसमें पंचायत के बड़ी संख्या में पुरुष, महिला व युवाओं ने भाग लिया। मानासी को यथावत पंचयात ही रखने का निर्णय लिया गया। मानासी गांव के समाजसेवी श्रवण फगेड़िया, अमित पारीक व गौरीशंकर गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित मीटिंग मे मनोज फगेड़िया, झाबरमल मातवा, सोनू मातवा, मोनू मातवा, शिवनाथ फगेड़िया, जवाहरसिंह फगेड़िया, रतनलाल फगेड़िया, महेश मातवा, राकेश मास्टर, अशोक मातवा, बाबू मातवा, चौथू माहिच,कमल माहिच,मख्खन कायल,विकास माहिच,संजू कायल, महेन्द्र फगेड़िया, विकास फगेड़िया, हरपाल फगेड़िया, राजू फगेड़िया, सुभाष फगेड़िया, मनजीत फगेड़िया, गणेश मातवा, समंदर गुर्जर,सत्यनारायण पारीक,नेमीचंद फगेड़िया,राजेन्द्र फगेड़िया, सुरेंद्र फगेड़िया, सुरेन्द्र माहिच,सोनू माहिच, विशाल कड़वासरा आदि काफी संख्या में नागरिकों शामिल हुए और मानासी गांव को नगरपालिका क्षेत्र में शामिल करने का सर्वसम्मति से विरोध प्रस्ताव लिया।

जिसका भाग्य प्रबल हो वहीं होता है कन्या का जन्म : संत भूपेन्द्र शास्त्री

सांध्य ज्योति न्यूज

कोटा। बजरंग नगर गायत्री विहार में चल रही है शिव महापुराण कथा बूंदी से पधारे अंतरराष्ट्रीय संत भूपेन्द्र शास्त्री ने कथा में कुबेर चरित्र की महिमा बताई और कहा कि कुबेर वो है जिसमें कोई अहम ना हो तथा जो भागवत स्मरण में लगे रहे उसे कुबेर कहते हैं। शिव का स्मरण करने से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है तथा मनुष्य जीवन में उन्नति प्राप्त करता है। आगे की कथा में गुरुदेव श्री ने सती चरित्र की महिमा बताई और कन्याओं पर विशेष जोर दिया और कहा कि जिस घर में कन्या का जन्म होता है। वह घर स्वर्ग के समान होता है और कहा जाता है कि अगर कोई मनुष्य कर्ज में है तो कन्या का पूजन करके कन्या के हाथ अपने सर पर रखवाने चाहिए जिसे वह कर्ज मुक्त होता है। कन्या उसके घर जन्म लेती है जिसका भाग्य प्रबल हो और अगर कोई कन्या का अपमान करता है तो वह घोर नरक में जाता है। संत श्री ने बताया कि कन्या ही ऐसी है जो पिता को मुक्ति प्राप्त करवा सकती है तथा तीन पीढ़ियां तक का उद्धार करती है। संत श्री ने कहा कि पुत्र पिता के सर पर हाथ नहीं रख सकता लेकिन पुत्री पिता के सिर पर हाथ रख कर आशीर्वाद दे दे तो पिता की उन्नति होती है। कथा आयोजक ठाकुर डीएस भाटी सागर बना और अपर्णा भाटी ने बताया कि कथा में मुख्य आरती थेगड़ा स्थित शिवपुरीधाम के महंत सनातन पुरी महाराज और पुनीत महाराज एवं भागवत कथा वाचक और आचार्य महावीर ने की। कथा प्रतिदिन दोपहर एक बजे से सायं पांच बजे तक चल रही है।

कृष्णा सर्किट योजना के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

सांध्य ज्योति न्यूज

खाटूश्यामजी। कस्बे में स्वदेश दर्शन योजना 1.0 में हुए निर्माण कार्यों की रख रखाव व गुणवत्ता की जांच करने के लिए ट्यूरिस्ट अधिकारी आनन्द भारद्वाज खाटूश्यामजी पहुंचे। उन्होंने खाटूश्यामजी में पहले चरण में बने विभिन्न निर्माण व अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। भारद्वाज ने बताया कि कृष्णा सर्किट में बने सभी निर्माण की गुणवत्ता व उपयोग का निरीक्षण किया है। इसकी रिपोर्ट केन्द्र सरकार के मंत्री को सौंपी जाएगी। इस दौरान ईओ देवेन्द्र कुमार जिंदल, जेईएन संदीप चौधरी, स्वास्थ्य निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चंदेलिया, सुरेंद्र कुड़ी, दिनेश सैनी, विजयपाल बाजिया सहित नगरपालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

रामनवमी पर्व पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक

सांध्य ज्योति न्यूज

सीकर। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा व पुलिस पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव गुरुवार को रामनवमी पर्व पर होने वाली शोभा यात्रा में कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में आयोजक, शांति समिति के सदस्यों,शहर के प्रबुद्धजनों सहित संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि प्रशासन व पुलिस के अधिकारी रामनवमी पर होने वाली शोभा यात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने में जिला प्रशासन को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में आगामी धार्मिक आयोजनों को सफलतापूर्वक आयोजित करवाने के लिए आमजन व जनप्रतिनिधियों का भी अपेक्षित सहयोग आवश्यक है। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि शोभा यात्रा के गुजरने वाले मार्गों पर एम्बुलेंस की व्यवस्थाएं रखने के साथ ही जिले के चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक संसाधनों की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखी जाये। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, एडीएम शहर भावना शर्मा, प्रशांत किरण सीओ सीटी,सहायक कलेक्टर मुख्यालय कुणाल राहड़, पूर्व विधायक सीकर राजकुमारी शर्मा, उपखण्ड़ अधिकारी सीकर निखिल कुमार,नगर परिषद आयुक्त शशीकांत शर्मा, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ईश्वर सिंह राठौड़, व्यापार संघ अध्यक्ष महावीर चौधरी, प्रदीप पारीक, समाजसेवी सुरेश अग्रवाल, चैन सिंह आर्य, साहित्यकार महावीर पुरोहित, पवन मोदी सहित सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

विवाह सम्मेलन को लेकर विधायक बैरवा को दिया निमंत्रण

सांध्य ज्योति न्यूज

चाकसू। महात्मा ज्योतिबा फुले माली सैनी समाज विकास समिति रामपुरा चाकसू के तत्वावधान में होने जा रहे सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समिति अध्यक्ष गिर्राज अजमेरा के नेतृत्व में सैनी समाज के प्रतित्व मण्डल ने चाकसू विधायक रामवतार बैरवा के जयपुर स्थित सरकारी आवास पहुंचकर रामनवमी को होने जा रहे सैनी माली समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन व प्रस्तावित छात्रावास निर्माण के शिलान्यास में आने को लेकर निमंत्रण दिया गया। इस दौरान समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

मनोज जैन राजस्थान एकाउंटेंट्स एसोसिएशन के निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित

सांध्य ज्योति न्यूज

कोटा। राजस्थान एकाउन्टेन्ट्स एसोसिएशन जिला शाखा कोटा के चुनाव में राजकीय महाविद्यालय कोटा के सहायक लेखा अधिकारी मनोज जैन चतर निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी एवं कोषाधिकारी कोटा आशीष शर्मा ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रतिनिधियों को पद की शपथ दिलाई।

संगठन के देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मनोज जैन चतर ने कहा कि लेखाधिकारियों का सम्मान सदैव जीवित रहेगा एवं लेखा अधिकारियों के हितों के लिए सदैव ही संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने लेखा संवर्ग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वह संगठन के हित में एकजुट होकर कार्य करें। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त कोषाधिकारी टीकमचंद जैन ने बताया कि प्रांतीय प्रतिनिधि के पद पर श्री रमेश वासवानी, दीपक बाथरा, लक्ष्मी शर्मा, जतिन अरोरा निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल, पेंशन समाज के अध्यक्ष रमेश गुप्ता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेश जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सोरल, पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत सक्सेना, पूर्व जिला अध्यक्ष रामस्वरूप अजमेरा, पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के परमानंद गोयल, पूर्व जिला अध्यक्ष नंद सिंह चंद्रावत ने मनोज जैन चतर को जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गंगापुर सिटी में किया एनएच 23 का निरीक्षण

सांध्य ज्योति न्यूज

गंगापुर सिटी। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार को गंगापुर सिटी के दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने गंगापुर सिटी बाईपास पर सड़क चौड़ाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता खराब मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को संबन्धित ठेकेदार को नोटिस देने और निर्माण कार्य सही करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क की गुणवत्ता में खामियां बर्दाश्त नहीं होंगी। गौरतलब है की लालसोट- गंगापुर- करौली राष्ट्रीय राजमार्ग (एन एच 23) की चौड़ाई 7 मीटर से बढ़ाकर 10 मीटर किए जाने के कार्य का उन्होंने निरीक्षण किया था। इसके साथ ही निर्माण कार्य में देरी पर भी उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए तीव्र गति से पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूरा करवाने के निर्देश दिए।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी को किया एपीओ

सांध्य ज्योति न्यूज

सवाई माधोपुर। गुरुवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी आईएएस गौरव बुड़ानिया ने पंचायत समिति खण्डार की ग्राम पंचायत बरनावदा के ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार वर्मा को आवास योजना में लापरवाही बरतने अत्यधिक न्यून प्रगति पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से एपीओ कर मुख्यालय जिला परिषद कर दिया गया है। इस संबंध में खण्डार विकास अधिकारी के द्वारा रिपोर्ट मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यालय में प्रेषित की गई थी। सीईओ बुड़ानिया द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं को समयबद्ध संचालन हेतु निरीक्षण कर पंचायत समितियों में योजनाओं के सुचारू एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। राज्य सरकार की मंसा अनुसार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं इस परिपेक्ष में राजकार्य में उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी! राज्य सरकार का ध्येय अंतिम व्यक्ति तक योजनाओ का लाभ पहुँचाना है इसके अनुरूप योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने समयबद्ध संचालित करने हेतु लापरवाही बरतने पर भविष्य में भी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

नया पंबन ब्रिज, जो रामेश्वरम को मुख्य भूमि भारत से जोड़ता है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम नवमी (6 अप्रेल) को तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम में करेंगे। इसे भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज माना जाता है।

24 घंटे में दूसरी बार पाकिस्तान ने किया सीजफायर का उल्लंघन

एलओसी पर 20 मिनट तक चली गोलियां

श्रीनगर, 4 अप्रेल (एजेंसी)। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जो तीन दिनों में इस तरह की दूसरी घटना है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा बिना उकसावे के की गई गोलीबारी का भारतीय सेना ने कड़ा जवाब दिया। यह तीन दिनों में पाकिस्तान द्वारा किया गया दूसरा संघर्ष विराम उल्लंघन है। मंगलवार को, पाकिस्तान ने पुंछ में नियंत्रण रेखा पर बारूदी सुरंग विस्फोट के बाद एक और संघर्ष विराम उल्लंघन किया। पाकिस्तानी सेना ने कथित तौर पर उन्हें कवर फायर प्रदान करते हुए सीमा पार घुसपैठियों को धकेलने का प्रयास किया। भारतीय सेना ने तेजी से जवाब दिया, जिससे खतरा खत्म हो गया।

सूत्रों से पता चला है कि गोलीबारी का उद्देश्य भारतीय क्षेत्र में घुसपैठियों को घुसाना था। खुफिया जानकारी से पता चला है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने के लिए एलओसी के पार आतंकवादी बॉर्डर एक्शन टीम भेजने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, भारतीय सैनिकों की सतर्कता ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, भारत की जवाबी कार्रवाई में चार से पांच पाकिस्तानी सैन्यकर्मी मारे गए। 1 अप्रैल को संघर्ष विराम उल्लंघन के बाद, घायल पाकिस्तानी सैनिकों की तस्वीरें सामने आईं, जो भारत की प्रतिक्रिया के प्रभाव की पुष्टि करती हैं। इसके अलावा, पाकिस्तानी सेना के जवानों के अंतिम संस्कार की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जो इस बात का संकेत देती हैं कि उनकी तरफ से भी हताहत हुए हैं। एक पाकिस्तानी समाचार पोर्टल ने भारत के जवाबी हमले में मारे गए कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए सैनिकों की फुटेज प्रसारित की, जो इस रिपोर्ट की पुष्टि करती है कि 1 अप्रैल के हमले में कई पाकिस्तानी सेना के जवान मारे गए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध को बरकरार रखा

नई दिल्ली, 4 अप्रेल (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध को सही ठहराते हुए कहा कि जब तक यह स्पष्ट रूप से साबित नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से जीरो प्रदूषण होता है, तब तक प्रतिबंध के पुराने आदेश में बदलाव करने का कोई औचित्य नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में संविधान के अनुच्छेद 21 का हवाला देते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण में जीना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। वायु प्रदूषण के बढ़ते खतरों को देखते हुए पटाखों पर प्रतिबंध लगाया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि हर व्यक्ति एयर प्यूरीफायर नहीं खरीद सकता और सड़कों-गलियों में काम करने वाले लोगों पर प्रदूषण का सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है। पटाखा निर्माताओं द्वारा ग्रीन पटाखों को लेकर छूट की मांग पर कोर्ट ने कहा कि इन कंपनियों की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वे प्रदूषण-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करें और ग्रीन पटाखों की गुणवत्ता में और सुधार करें। कोर्ट ने दिल्ली और हरियाणा सरकार की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने ऑनलाइन बिक्री पर प्रतिबंध को लागू किया है। वहीं, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी निर्देश दिया गया कि वे ऑनलाइन पटाखा बिक्री पर रोक लगाएं और दो हफ्ते के भीतर इस आदेश के क्रियान्वयन पर रिपोर्ट दें।

शिक्षा देने का कार्य सबसे बड़ा धर्म है: आरिफ मोहम्मद

अलीगढ़, 4 अप्रेल (एजेंसी)। मंगलायतन विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शिरकत की और उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज के युग में यह एक शक्तिशाली उपकरण है जो व्यक्तियों और समाज को प्रगति की ओर ले जाता है। विद्यार्थियों को लगातार सीखने और अपने ज्ञान का उपयोग मानवता की सेवा में करने के लिए प्रोत्साहित किया। अकादमिक उत्कृष्टता और उत्साह के माहौल में दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में चेयरमैन हेमंत गोयल व गुरु ऋषिराज महाराज, कुलपति प्रो. पीके दशोरा मौजूद रहे। इस मौके पर उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।

विधि निर्माताओं और अधिकारियों के लिए विधायी प्रारूपण से परिचित होना जरूरी: लोक सभा अध्यक्ष

36वें अंतरराष्ट्रीय विधायी प्रारूपण प्रशिक्षण कार्यक्रम

13 देशों के 28 प्रतिभागियों ने लोकसभा अध्यक्ष से की मुलाक़ात

नई दिल्ली, 4 अप्रेल (एजेंसी)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि विधायी प्रारूपण विधि का आधार है। विधि निर्माण में स्पष्टता और सरलता पर जोर देते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा कि चूंकि कानून लंबे समय तक समाज और लोगों को प्रभावित करते हैं, इसलिए कानून स्पष्ट और सरल होने चाहिए ताकि आम लोग उन्हें समझ सकें। इससे न्यायालयों में वादों की संख्या में कमी आएगी, साथ ही संसाधनों की भी बचत होगी। बिरला ने यह भी कहा कि विश्व में तेजी से हो रहे सामाजिक-आर्थिक बदलाव को देखते हुए, विधि निर्माताओं और अधिकारियों के लिए विधायी प्रारूपण से सुपरिचित होना बहुत आवश्यक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों की आवश्यकताएं पूरी हों ।

इससे सदन में भी अर्थपूर्ण बहस को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने आज संसद भवन में संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित 36वें अंतरराष्ट्रीय विधायी प्रारूपण प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 13 देशों के कुल 28 प्रतिभागियों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। प्रतिभागियों ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में अपनायी जा रही विधायी प्रक्रियाओं और में सिमूलटेनियस इंटरप्रेटेशन में प्रयोग की जा रही तकनीक की प्रशंसा की।

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत की भूमिका के बारे में बात करते हुए, बिरला ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्राइड पूरी दुनिया के विधानमंडलों को प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि अच्छा विधायी प्रारूपण ही प्रभावी कानून का आधार है । इसलिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए बहुत उपयोगी हैं।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 मार्च से 22 अप्रेल तक आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आईटेक (भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग) योजना के भाग के रूप में विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों को भारत के संविधान, विधायी प्रक्रिया, संसदीय विशेषाधिकार, प्रशासनिक विधि, उपभोक्ता संरक्षण और नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को विधि एवं न्याय मंत्रालय तथा राज्य विधानमंडलों के साथ भी सम्बद्ध किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, प्रतिभागियों ने लोक सभा और राज्य सभा की कार्यवाही भी देखी। वे दिल्ली न्यायिक अकादमी तथा अन्य दर्शनीय स्थलों का दौरा भी करेंगे।

दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब, तेज हवाएं चलने का अनुमान

नई दिल्ली, 4 अप्रेल (एजेंसी)। दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन में तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने कहा कि अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 218 दर्ज किया गया जो कि 'खराब' की श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शून्य से 50 के बीच का एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 के बीच का एक्यूआई 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच का एक्यूआई 'मध्यम', 201 से 300 के बीच का एक्यूआई 'खराब', 301 से 400 के बीच का एक्यूआई 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच का एक्यूआई 'गंभीर' माना जाता है।

संसद में वक्फ विधेयक पारित होने के बाद जामिया मिल्लिया इस्लामिया में बढ़ाई गई सुरक्षा

नई दिल्ली, 4 अप्रेल (एजेंसी)। संसद में वक्फ विधेयक पारित होने के बाद कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जामिया नगर जैसे संवेदनशील इलाकों और जामिया मिल्लिया इस्लामिया समेत शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, कई संवेदनशील इलाकों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हमने रात्रि गश्त बढ़ा दी है तथा अतिरिक्त बलों को तैनात करने की व्यवस्था की जाएगी।

विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटी भाजपा

अमित शाह करेंगे बिहार, बंगाल और तमिलनाडु का दौरा

नई दिल्ली, 4 अप्रेल (एजेंसी)। गृह मंत्री अमित शाह आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए इस महीने बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु की यात्रा पर जाएंगे। इस यात्रा के बाद भी वे कई बार वहां जाएंगे, क्योंकि भाजपा बिहार में अपने सहयोगियों के साथ सत्ता बरकरार रखना चाहती है और दो अन्य राज्यों में अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है।

सूत्रों ने बताया कि शाह इन राज्यों में चुनाव तक लगभग हर महीने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संगठनात्मक बैठकें आयोजित करेंगे। उन्होंने बताया कि उनके 14 और 15 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में तथा 30 अप्रैल को बिहार में रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने हैं, जबकि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में अगले साल मार्च-अप्रैल में चुनाव होने हैं, साथ ही असम, केरल और

पुडुचेरी में भी चुनाव होने हैं। बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में भाजपा सबसे बड़ी सहयोगी है, जिसमें जनता दल (यूनाइटेड) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) शामिल हैं। जेडी(यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार करीब 20 साल से राज्य के मुख्यमंत्री हैं।

हालांकि, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में पार्टी को एक अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिम बंगाल में एक प्रमुख राजनीतिक ताकत के रूप में उभरने के इसके जोरदार प्रयासों को अब तक केवल आंशिक सफलता ही मिली है क्योंकि यह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लिए मुख्य चुनौती बनकर उभरी है, लेकिन 2011 से उनके निरंतर शासन को समाप्त करने के अपने प्रयासों में विफल रही है। बुधवार को लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर अपने हस्तक्षेप के दौरान, शाह ने राज्य की राजनीति से संबंधित टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के कटाक्षों का सामना करने के बाद आक्रामक रुख अपनाया था। शाह ने बनर्जी से संसद में बहस को राजनीतिक लाभ के लिए युद्ध का मैदान न बनाने को कहा, उन्होंने कहा कि वह बंगाल में ऐसा करेंगे। उन्होंने कहा, मैं यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि भाजपा को बंगाल में (इस बार) अधिक सीटें मिलेंगी। 2021 में 294 सदस्यीय बंगाल विधानसभा में टीएमसी ने 215 और भाजपा ने 77 सीटें जीती थीं। तमिलनाडु में हमेशा एक हाशिए पर रहने वाली भगवा पार्टी से व्यापक रूप से मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक के साथ अपने गठबंधन को पुनर्जीवित करने की उम्मीद की जा रही है, ताकि दक्षिणी राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक को टक्कर दी जा सके, जहां 2021 में सत्ता में आने के बाद से मौजूदा गठबंधन प्रमुख रहा है। एआईएडीएमके नेता एडप्पाडी के पलानीस्वामी ने हाल ही में शाह से मुलाकात की, जिससे दोनों दलों के एक साथ आने की संभावना बढ़ गई है। एआईएडीएमके और भाजपा 2021 के विधानसभा चुनावों में सहयोगी थे, लेकिन द्रविड़ पार्टी बाद में गठबंधन से बाहर हो गई और 2024 के लोकसभा चुनावों में दोनों दलों ने अलग-अलग रास्ते अपना लिए। तमिलनाडु में दोनों को करारी हार का सामना करना पड़ा। एक राय है कि एआईएडीएमके-भाजपा गठबंधन सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाकर सत्तारूढ़ गठबंधन को कड़ी चुनौती दे सकता है, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है।

महाराष्ट्र के नांदेड़ में कुएं में गिरा ट्रैक्टर, छह मजदूरों के डूबने की आशंका

मुंबई, 4 अप्रेल (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में शुक्रवार सुबह खेतिहर मजदूरों को ले जा रहे एक ट्रैक्टर के कुएं में गिरने से छह लोगों के डूबने की आशंका है। पुलिस ने यह जानकारी दी। नांदेड़ पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे अलेगांव गांव में हुई। उन्होंने बताया, ट्रैक्टर पर कम से कम 10 लोग सवार थे और वे हल्दी की फसल काटने के लिए खेत जा रहे थे, तभी वाहन कुएं में गिर गया। बारिश के कारण इलाके में फिसलन थी। अधिकारी ने बताया कि दो से तीन लोग समय रहते ट्रैक्टर से कूदने में सफल रहे जबकि छह मजदूरों के डूबने की आशंका है उन्होंने बताया, बचाव कार्य जारी है और अभी तक कोई शव बरामद नहीं हुआ है, साथ ही ट्रैक्टर का भी पता नहीं चल सका है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

हम पाकिस्तान को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं: महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे

मुंबई, 4 अप्रेल (एजेंसी)। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता नितेश राणे ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी पाकिस्तान को 'हिंदू राष्ट्र' बनाना चाहती है। मत्स्य और बंदरगाह विकास मंत्री राणे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह बयान दिया। उन्होंने अपने पोस्ट में शिवसेना (उबाठा) के नेता संजय राउत के उस आरोप का जवाब दिया जिसमें राउत ने कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भारत को 'हिंदू पाकिस्तान' बनाना चाहते हैं। राणे ने लिखा, 'लेकिन हम पाकिस्तान को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। इसे ध्यान में रखें और अपनी हद में रहें।' मंत्री का यह बयान शिवसेना (उबाठा) के मुखपत्र 'सामना' में प्रकाशित राउत के हालिया साप्ताहिक लेख के संदर्भ में माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने भाजपा पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने और भारत को 'हिंदू पाकिस्तान' बनाने की दिशा में ले जाने का आरोप लगाया था। इससे पहले, राणे ने छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्ताबाद में स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग की थी। साथ ही, उन्होंने केरल को 'मिनी पाकिस्तान' भी कहा था।

मणिपुर के चार जिलों से 11 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल, 4 अप्रेल (एजेंसी)। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने घाटी के विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े कम से कम 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टीपी ऑफ कांगलीपाक (पीआरईपीएके) के दो सक्रिय सदस्यों को गुरुवार को इंफाल पश्चिम जिले के लांगथबल कुंजा से गिरफ्तार किया गया, जबकि कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के एक अन्य सदस्य को उसी जिले के अवानफ पोत्संगबाम से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित केवाईकेएल (सोरेपा) के एक उग्रवादी को बृहस्पतिवार को थौबल जिले के उनिंगखोंग इलाके से गिरफ्तार किया गया। इनके अलावा, इंफाल पूर्व के चिंगरेल तेजपुर से 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक सदस्य, जिले के फकनुंग सांगोमशांग से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी-सिटी मेइती) के एक सदस्य, बिष्णुपुर जिले के मोइरांग खुनौ से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय काडर, केइराओ वांगखेम ममांग लेईकाई से केसीपी (नोयोन) के दो सदस्य और इंफाल पूर्व से प्रतिबंधित संगठन 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक' संगठन के दो और सदस्य गिरफ्तार किए गए। अधिकारी ने बताया कि एक आतंकवादी के पास से गोलियों से भरी एक पिस्तौल भी बरामद की गई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी. एल. टॉवर 3-ए- विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया जेएलएन मार्ग जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित, संपादक महेंद्र कुमार यादव, फोन : 0141-2709102, 2944103,
डाक पं.सं. / जेपीसी/012/2024-26 आरएनआई नंबर-: 48401/88 Email- sjdjp01@yahoo.co.in, Jyoti.sandhya@gmail.com